CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 | अंक -309 | राजनांदगांव, शनिवार 28 सितंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## फिर मुंह की खाएगा पाकिस्तान, शहबाज शरीफ ने यूएन में अलापा कश्मीर राग; भारत देगा करारा जवाब



न्यूयॉर्क। जमीन की जीनत और भारत के अभिन्न अंग कश्मीर को लेकर पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है। अब एक फिर उसने यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेंबली में कश्मीर का राग अलापा है। पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर शहबाज शरीफ ने असेंबली में कहा कि कश्मीर के लोग शांति की मांग कर रहे हैं। इस पर भारत ने भी राइट टू रिप्लाई के तहत करारा जवाब दिया है!

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र को संबोधित कर रहे थे। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच युद्ध पर बोलते हुए शाहबाज शरीफ ने कश्मीर राग अलापना शुरू कर दिया। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर के लोगों ने अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए संघर्ष किया है।

### क्या बोले शहबाज शरीफ?

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा, ÷शांति की दिशा में आगे बढ़ने के बजाय भारत ने जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने के अपने वादों से मुंह मोड़ लिया है। ये प्रस्ताव कश्मीर के लोगों के लिए जनमत संग्रह का आदेश देते हैं ताकि वे आत्मनिर्णय के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग कर सकें

शाहबाज शरीफ यहीं नहीं रुके, उन्होंने भारत सरकार पर कई और आरोप लगाए। उन्होंने कहा, भारत कश्मीरी जमीन और संपत्तियों को जब्त कर रहा है और मुस्लिम बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यक में बदलने के अपने नापाक इरादे के तहत कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में बाहरी लोगों को बसा रहा है, यह रणनीति सभी कब्जे वाली शक्तियों द्वारा अपनाई जाती है। वे (भारत) हमेशा विफल रहे हैं और भगवान की कृपा से कश्मीर में भी विफल होंगे।

### बुरहान वाकी, अनुच्छेद 370 का भी किया जिक्र

शहबाज ने अनुच्छेद 370 और हिजबुल आतंकी बुरहान वानी का जिक्र किया। शहबाज ने कहा कि भारत को अगस्त, 2019 के एकतरफा फैसले को पलटना चाहिए और यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार, कश्मीर मुद्दे के स्थायी समाधान के लिए वार्ता में शामिल होना चाहिए। उन्होंने भारत पर यह आरोप भी लगाया कि वह शांति की तरफ बढ़ नहीं रहा है। भारत जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट गया है। शहबाज ने गाजा, यूक्रेन और अफगानिस्तान के हालात के बारे में भी बात की।

### भारत ने दिया करारा जवाब

पाकिस्तानी पीएम के यूएन में कश्मीर राग का जवाब देते हुए भारत ने कहा कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है। वह जम्मू-कश्मीर मामले पर दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ है। भारत की तरफ से कहा गया कि दुनिया का कोई भी देश कश्मीर को लेकर पाकिस्तान का समर्थन नहीं करता है।

## रेवाड़ी में अमित शाह बोलेः हर अग्निवीर को मिलेगी पक्की पेंशन वाली नौकरी, एमएसपी को लेकर राहुल गांधी को घेरा



हरियाणा। उत्तर प्रदेश के कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच आज दूसरा टेस्ट मैच शुरू होने वाला है, वहीं हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच टेस्ट मैच खेला जा रहा है। राजनीतिक दलों के तमाम स्टार प्रचारक चुनावी पिच पर उतरकर अपनी पार्टी के लिए ताबड़तोड़ पारी खेल रहे हैं।

इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह आज चुनावी पिच पर उतरने वाले हैं। वे हरियाणा में तीन जगह जनसभाओं को संबोधित कर अपनी पार्टी के लिए बड़ा स्कोर बनाएंगे।

### अमित शाह ने राहुल से पूछा यह सवाल

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। किसी एनजीओ ने राहुल बाबा को बोला होगा कि एमएसपी बोलने से वोट मिल जाएंगे, तो राहुल बाबा एमएसपी का फुल फार्म का पता क्या, किसे एमएसपी कहते हैं, मैं आज इस मंच से सवाल पूछना चाहता हूं कि पूरे देश में जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें चल रही हैं, एमएसपी के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद कीजिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार राज्य में 24 फसलें एमएसपी पर खरीद रही हैं, कांग्रेस का एक भी नेता बता दें कि उनकी कौन सी सरकार किस राज्य में 24 फसलें एमएसपी पर खरीद रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है। आप कोई भी फसल उगाओ, हमारी सरकार एमएसपी पर खरीद करेगी। रेवाड़ी के बाद अमित शाह अंबाला के बराड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद करनाल के लाडवा में जाकर सीएम नायब सैनी के लिए चुनाव प्रचार कर जनता से समर्थन मांगेंगे।


### कांग्रेस के खिलाफ शाह का पहला छक्का

अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान पहला छक्का जड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 चुनाव का प्रचार की शुरुआत यहीं से की थी। वादा किया था कि वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा करेंगे, जो कांग्रेस 40 सालों में पूरा नहीं कर सकी। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, कांग्रेस ने इस वादे को पूरा नहीं किया। आपने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, तो मोदी जी ने 2015 में वन रैंक वन पेंशन देने का काम कर दिया। एक महीने पहले वन रैंक वन पेंशन का तीसरा वर्जन भी लॉन्च किया है।

### अग्निवीरों को मिलेगी पेंशन वाली पक्की सरकारी नौकरी

अमित शाह ने दूसरा छक्का भी जड़ दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सेना का अपमान करती है। यही कांग्रेस पार्टी है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शंकराचार्य निश्चलानंद बोले- अस्तित्व की रक्षा के लिए जरूरत पड़े तो शस्त्र बल का भी करना चाहिए प्रयोग



अंबिकापुर। हिन्दू भी केवल अहिंसा के पक्षधर होंगे तो अपने अस्तित्व की रक्षा कैसे कर पाएंगे? आवश्यकता पड़ने पर शस्त्र का प्रयोग करते रहना हैं। सनातन धर्म में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र भी हैं। इसमें शिक्षा, रक्षा, सेवा संतुलित रहे। अस्तित्व की रक्षा के लिए आवश्यकता हो तो शस्त्र बल का भी प्रयोग करना चाहिए। उक्त बातें शुक्रवार को अंबिकापुर स्थित हरिमंगलम में आयोजित दर्शन, दीक्षा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा के दौरान शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कही।

तीन दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने धर्म परिवर्तन को लेकर कहा कि सनातन धर्म दर्शन, विज्ञान, व्यवहार तीनों दृष्टियों से परिणूर्ण है। सेवा के नाम पर हिन्दूओं को धर्म परिवर्तन का जघन अपराध चल रहा है और यह कार्य शासन की सहभागिता के कारण हो रही है। कुछ धर्म विशेष का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि सेवा के नाम इनके द्वारा शोषण किया जा रहा है। सिद्धांतों, आध्यात्म की रक्षा करने से भारत संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य के बाद से अब तक सनातन परम्परा को लोगों ने कुचलने का ही प्रयास किया है।

### योग्यता के अनुसार नहीं मिल रही नौकरी

युवाओं द्वारा किए जा रहे आत्महत्या के बारे में उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा में योग्यता के अनुसार नौकरी नहीं मिलने के कारण लोग आत्महत्या कर रहे हैं। प्राइवेट कंपनियों में भी नौकरी की होड़ मची हुई है। सनातन बोर्ड के सवाल पर उन्होंने कहा कि बोर्ड है ही नहीं, चार शंकराचार्य हैं। बोर्ड बनाने की आवश्यकता पहले से ही है। शासन तंत्र इसकी उपयोगिता को समझे। सुसंस्कृति, सुशिक्षित, सुरक्षित, संपन्न, सेवा प्रायिण, स्वस्थ्य, अभिकर्तव्य, समाज की संरचणा यही राजनीति की परिभाषा है।

## केजरीवाल ने भागवत से कहा- आरएसएस कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं देते, अब उनका काम सिर्फ दरी बिछाना



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार (27 सितंबर) को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से नए सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि भाजपा में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे नेताओं को शामिल करने पर उनकी क्या राय है? केजरीवाल ने भागवत को एक पत्र लिखने का जिक्र करते हुए कहा, 'क्या मोहन भागवत मोदीजी के उस फैसले से संतुष्ट हैं, जिसमें सबसे भ्रष्ट नेताओं को ईडी और सीबीआई के जरिए डराकर पार्टी में शामिल किया गया?

### अजित पवार के लिए पीएम मोदी के 2023 के बयान का जिक्र

उन्होंने कहा हाल ही में मैंने मोहन भागवत को एक पत्र लिखा था, जिसमें मैंने 4-5 सवाल पूछे थे। एक सवाल था, क्या मोहन भागवत मोदीजी के उस फैसले से संतुष्ट हैं कि सबसे भ्रष्ट नेताओं को भाजपा में शामिल किया गया? केजरीवाल ने उदाहरण देते हुए कहा, 27 जून 2023 को प्रधानमंत्री ने कहा कि अजित पवार ने 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया और पांच दिन बाद उन्हें बीजेपी सरकार में शामिल कर उपमुख्यमंत्री बना दिया गया। क्या आपको कोई शर्म नहीं आती?

### मोदीजी के 25 रत्न, जिन्हें बीजेपी ने पहले भ्रष्टाचारी बताया

आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिस्वा शरमा का जिक्र कर कहा, '22 जुलाई 2015 को बीजेपी ने कहा था कि हिमांता बिस्वा शरमा भ्रष्ट हैं और एक महीने बाद वह बीजेपी में शामिल हो गए। ऐसे 25 नेता हैं, जो मोदीजी के बहुत करीब हैं। यह उनकी ईमानदारी है, ये मोदीजी के 25 रत्न हैं।

### आरएसएस कार्यकर्ताओं को अब भी टिकट नहीं मिलते- केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा, आरएसएस के मेंबर इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं? (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सदनों में सहमति-असहमति पर मर्यादित बहस से लोकतंत्र मजबूत होता है : बिरला



एजल (मिजोरम)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी कार्यों में जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को प्रमुखता देने पर जोर देते हुए कहा है कि सदनों में सहमति-असहमति पर मर्यादित बहस से लोकतंत्र मजबूत होता है।

श्री बिरला ने शुक्रवार को यहां मिजोरम विधानसभा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-3 के 21वें सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, नागालैंड विधानसभा के अध्यक्ष और सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन-3 के अध्यक्ष शेरिंगेन लोंगकुमेर, मिजोरम विधानसभा के अध्यक्ष लालबियाकजामा और मिजोरम विधानसभा के उपाध्यक्ष लालफामकिमा उपस्थित रहे। मिजोरम विधानसभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन में शामिल हुए।

सम्मेलन के मुख्य विषय, 'लोकतान्त्रिक शुचिता, पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतंत्र से परिणाम' पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि विधायी शुचिता और पारदर्शिता लोकतंत्र को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि विधायिका की शुचिता बनाए रखना पीठासीन अधिकारियों का विशेष दायित्व है और इस दिशा में उन्हें सदैव सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदस्यों के गरिमामयी आचरण से पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। विधायी कार्य में जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को प्रमुखता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र तभी सशक्त होता है, जब सदन सहमति-असहमति के बावजूद सामूहिक रूप से, गरिमा और शालीनता से लोकहित के विषयों पर चर्चा और संवाद करता हैं।

इस बात पर जोर देते हुए कि विधानमंडल आम लोगों से संबंधित मुद्दों पर उपयोगी चर्चा के लिए मंच हैं, श्री बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को विधानमंडल के मंच का उपयोग लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों का विधायी संस्थाओं पर विश्वास बढ़ेगा, विधि निर्माण की गुणवत्ता बढ़ेगी और और विधायी संस्थाओं की गरिमा भी बढ़ेगी।

विधायिका के कार्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विधायिका को विधि और नीति निर्माण के साथ साथ शासन की जवाबदेही पर जोर देना चाहिए जिससे आम नागरिकों के जीवन में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाया जा सके। विधानमंडलों की कार्यकुशलता और प्रभाव में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विधायी कार्य में डिजिटल प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'लालू परिवार ने रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के जरिए अवैध फायदा उठाया', चार्जशीट में ईडी का दावा



नई दिल्ली। जमीनों के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में ईडी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें ईडी ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर भारतीय रेलवे में नियुक्तियों के बदले में रिश्वत के तौर पर जमीनें लेने का आरोप लगाया है।

मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भी तलब किया था। जबकि तेज प्रताप को जांच एजेंसी ने आरोपी के रूप में नामित नहीं किया था। कोर्ट ने कहा कि अदालत को प्रथम दृष्टया और सम्मन के चरण में पता लगा है कि तेज प्रताप यादव भी अपराध की आय के अधिग्रहण और छिपाने में शामिल थे। इसलिए वह भी शिकायत पर सम्मन किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

कोर्ट ने प्रसाद के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी तलब किया। न्यायाधीश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके दो बेटों और अन्य को सात अक्तूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इससे पहले बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को तलब किया था। वहीं ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर अपराध की आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया। ईडी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था।

ईडी ने कहा कि इनमें से कई जमीनें पहले से ही यादव परिवार के पास मौजूद जमीनों के पास थीं। सात में से छह जमीन के सौदे राबड़ी देवी से जुड़े थे और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किए गए थे। जांच से पता चला है कि एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य संस्थाएं भूमि अधिग्रहण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

**मस्तिष्क, नस एवं स्पाइन राजनांदगाव रोग विशेषज्ञ में उपलब्ध**

महीने के प्रत्येक शनिवार

दोप. - 3:30 बजे से 4:30 बजे तक

राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास

7869899833, 8871626367

**डॉ. कुलदीप सिंह**

MBBS, MS, Mch (Neuro)

Dr. Kuldeep's BRAIN AND SPINE CLINIC

24x7 EMERGENCY SERVICE CALL- 6261500981

प्रतिदिन उपलब्ध

शिवाय मेडिकोज डॉ. बघेल पॉलीक्लिनिक के सामने न्यू बस स्टैंड दुर्ग

## सीएम साय के काफिले में चल रही दो गाड़ियां आपस में टकराई, गाय को बचाने के चक्कर हुई घटना



दुर्ग (दावा)। प्रदेश के मुख्यमंत्री आज दुर्ग भिलाई के दौरे पर थे इस दौरान दुर्ग से सर्किट हाउस जाने के लिए काफिला निकला, तभी जिला अस्पताल के आगे अचानक एक गाय काफिले के सामने आ गई।

गाय को बचाने के चक्कर में सीएम के काफिले में चल रही दो गाड़ियां आपस में टकरा गई इस हादसे में सीएम विष्णु देव साय बाल-बाल बचे, चालक ने बड़ी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए गाड़ी की रफ्तार को काबू में कर लिया और समय रहते गाड़ी की रफ्तार पर काबू में पा लिया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत बनेगा यूएनएससी का स्थाई मेंबरः फ्रांस और अमेरिका के बाद यूके ने भी किया समर्थन



न्यूयार्क। भारत के यूएनएससी का स्थाई मेंबर बनने की उम्मीदें बढ़ती नजर आ रही हैं। फ्रांस और अमेरिका के बाद ब्रिटेन ने भी भारत को यूएनएससी की स्थाई सदस्यता देने का समर्थन किया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया के बड़े नेता संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग कर रहे हैं।

फ्रांस और अमेरिका के राष्ट्रपति पहले ही भारत के लिए अपने समर्थन की घोषणा कर चुके हैं। इस समर्थन के बाद यूएनएससी की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी मजबूत हुई है। वैश्विक मंच पर यह कदम भारत के लिए कूटनीतिक रूप से काफी अहम साबित हो सकता है।

### सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर

कीर स्टार्मर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूएनएससी का चार्टर 1945 में बना था। इसे करीब 8 दशक पहले की वैश्विक स्थिति के हिसाब से तैयार किया गया था, जबकि आज का ग्लोबल सिनेरियो काफी बदल चुका है। स्टारमर ने कहा कि यूएन सुरक्षा परिषद में और ज्यादा सदस्यों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि यह वैश्विक मुद्दों पर सही तरीके से काम कर सके। की स्टारमर ने कहा कि यूएनएससी में अफ्रीकी देशों, भारत, जापान, जर्मनी, और ब्राजील जैसे देशों को स्थायी सदस्यता दी जानी चाहिए। ऐसा होने पर यूएनएससी अधिक प्रासंगिक और एक्टिव ढंग से काम कर सकेगा।

### भारत को स्थायी सदस्यता से क्या फायदा होगा

भारत को यूएनएससी की स्थायी सदस्यता मिलने से कई कूटनीतिक और सामरिक लाभ होंगे। सबसे अहम यह होगा कि भारत को ग्लोबल सिक्योरिटी और शांति से जुड़े मुद्दों पर फैसला लेने का सीधा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# डाटा एंट्री आपरेटरों की मांगों को सह. समिति कर्मचारी संघ का समर्थन

## नियमितिकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे आपरेटर्स, धान खरीदी के पंजीयन सहित अन्य कार्य हो रहे प्रभावित

राजनांदगांव (दावा)। समर्थन मूल्य धान खरीदी आपरेटर संघ द्वारा इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। नियमितिकरण व शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे डाटा आपरेटरों के कारण किसानों का धान खरीदी का पंजीयन व समिति के अन्य किर्या प्रभावित हो रहे हैं। बता दें कि अपनी दो सूत्रीय मांग को 18 सितम्बर से लेकर अब तक राजधानी में डटे हुए आपरेटरों की मांगों को जायज ठहराते हुए जिला सहकारी कर्मचारी संघ द्वारा उन्हें समर्थन दिया गया है। इससे डाटा आपरेटरों को थोड़ा बल मिल रहा है। लेकिन संघ से जुड़े सभी डाटा आपरेटरों के काम बंद कर राजधानी धरना-प्रदर्शन हड़ताल किए जाने के कारण समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों को पंजीयन का काम प्रभावित हो रहा है। बता दे कि समर्थन मूल्य धान खरीदी डाटा एन्ट्री आपरेटर अपनी मांगों को लेकर पहले 29 से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल की थी। इसके बाद भी सरकार द्वारा इनकी मांगों को पूरा करने की ओर ध्यान नहीं दिया गया। इससे नाराज संघ ने सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी और काम बंद हड़ताल पर चले गए।

आपरेटर संघ की मांगे बताते चले कि डाटा एन्ट्री आपरेटर संघ अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज उठाए हुए है जिनमें से पहली मांग नियमितिकरण का है। बताया जाता है कि समर्थन मूल्य धान खरीदी के डाटा आपरेटर इस कार्य में कई वर्षों से कार्यरत है। लेकिन इनका आज तक नियमितिकरण नहीं हुआ है। अतः इन्हें नियमित किया जाए। इसी तरह अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह इन्हें भी सभी लाभ दिए जाए। इनकी दूसरी मांग लम्बित वेतन बढ़ोतरी को लेकर है जिसका लाभ शीघ्र ही दिए जाने की मांग की गई है। डाटा आपरेटरों के हड़ताल में चले जाने से समिति के काम प्रभावित हो रहे है व समिति से जुड़े किसानों को वितरण की जाने वाली खाद्-फसल बीमा योजना ऋण वितरण नगद ऋण वितरण, ऑनलाइन एन्ट्री सहित विभिन्न कार्यों में विराम लग गया है। संघ के जिलाध्यक्ष दुलारराम साहू ने बताया कि आपरेटर संघ द्वारा पहले भी अपनी मांगों के सम्बंध में शासन का ध्यान आत्कृष्ट किया गया था। लेकिन सरकार द्वारा ध्यान नहीं देने से उन्हें मजबूरी में अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल में जानी पड़ी। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी... हड़ताल जारी रहेगी। इधर आपरेटरों की हड़ताल को जिला सहकारी कर्मचारी संघ द्वारा समर्थन दिए जाने से डाटा आपरेटरों का बल मिल गया है गया है। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि डाटा आपरेटर संघ की मांगे वाजिब है। सरकार द्वारा इनकी मांगे पूरी की जानी चाहिए। डाटा एन्ट्री आपरेटरों की हड़ताल से समिति से सम्बंधित कार्यों में अटकाव की स्थिति निर्मित हो गई है।

न तो समर्थन मूल्य में खरीदी हेतु किसानों का पंजीयन हो पा रहा है और न किसानों को वितरित की जाने वाली खाद्-फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा ऋण वितरण आदि सहित ऑनलाइन एन्ट्री व अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है।

# सामाजिक संस्था एवं महिला समूह ने तालाब के किनारे सफाई कर स्वच्छता अपनाने ली शपथ



इंदिरा सरोवर में स्वच्छता श्रमदान

राजनांदगांव (दावा)। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा के लिये नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता से जुडने अपील की जा रही है। स्वच्छता अभियान में शहर में सफाई अभियान के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसमें सामाजिक संस्था, महिला समूह के अलावा स्कूल के विद्यार्थी जुडकर स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है।

स्वच्छता अभियान में तालाबों की साफ सफाई के तहत आज इंदिरा सरोवर भरकापारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में सामाजिक संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ के पदाधिकारी तथा महिला समूह के अलावा निगम के अधिकारी कर्मचारी व स्वच्छता दीदी तालाब के किनारे कटिली झाड़ियाँ, खरपतवार काटकर, झिल्ली पन्नी उठाकर साफ सफाई किये और तालाब एवं मंदिर के आस पास कचरा न डालने, कचरा डस्टबिन में डालने, साफ सफाई रखने वहा निवासरत लोगों समझाईस दिये।

स्वच्छता अभियान के अंत में स्वच्छता के नोडल अधिकारी यू.के. रामटेके ने स्वच्छता अपनाने, स्वभाव में स्वच्छता लाने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने शपथ दिलाई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पर्यावरण संरक्षक गतिविधि के पदाधिकारी, महिला समूह एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी सफाई कर्मी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### शंकरपुर में चला चाकू, युवक ज़ख्मी



राजनांदगांव (दावा)। चिखली थानांतर्गत शंकरपुर में देर शाम 8 बजे के करीब यार दोस्तों के बीच किसी विवाद को लेकर चाकू चल गया। इससे शांति नगर निवासी 22 वर्षीय युवक सन्नी चंद्रिकापुरे ज़ख्मी हो गया।

चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि कबाड़ी का काम करने वाले युवक सन्नी के कुछ यार दोस्त वहां पर एकत्रित हुए तो किसी को बुलाने के नाम पर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान उनमें से ही किसी ने सन्नी के पीछे भाग की ओर किसी लोहे के चाकू नुमा औजार से वार कर दिया। घटना को लेकर पुलिस आरोपी युवकों की पता साजी में जुट गई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए 7 अक्टूबर तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक पंजीयन करा सकते हैं।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

राजनांदगांव (दावा)। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर राजनांदगांव जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार क्लब, मद्य भण्डारण-भाण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए हैं। संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार संपूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### ललित यादव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के कर्मचारी कमल यादव (लेबर कालोनी) के छोटे पुत्र ललित यादव (आयु 30 वर्ष करीब) का आज प्रातः 8 बजे हृदयाघात से दुःखद निधन हो गया है।

# गर्भवती माताओं का पंजीयन, शिशु टीकाकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो - कलेक्टर

## कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छुरिया विकासखंड में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं आने वाले स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का पंजीयन, टीकाकरण, गैर संचारी रोग कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग, चिरायु, पोषण पुनर्वास केंद्र, कुष्ठ, रक्त अल्पता, सीकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सभी कार्यक्रमों की उप स्वास्थ्य केंद्रवार समीक्षा की।

शून्य से चालीस वर्ष के सभी लोगों की सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग करने की केन्द्रवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ तथा मैदानी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई नियमित रूप से होना चाहिए। उन्होंने नियमित रूप से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पोर्टल में डाटा एंट्री भी सुनिश्चित करने कहा। जिससे दी गई सेवाओं का ऑनलाइन प्रविष्टि से डाटा अपडेट हो सकें। सेक्टर बैठकों में सभी अमले उपस्थित होकर सभी कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर ने आगामी एक माह में सभी कार्यक्रमों में प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर सर्व संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों में राज्य, जिले, विकासखंड के औसत अनुसार प्रगति किसी भी केंद्र की कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्रुप बनाकर सभी को जानकारी देने कहा। सभी पात्र हितग्राही का आयुष्मान कार्ड घर-घर जाकर कार्ड बनाया जाए, जिसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्राप्त करने हेतु सभी केन्द्रों के कर्मचरियों को कार्ययोजना बनाकर प्रमाणीकरण प्राप्त करने कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिन केंद्रों के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बेहतर कार्य किया है, उन्हें प्रोत्साहित किया गया एवं इसी तरह गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सभी कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने कहा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कहा कि स्वाइन फ्लू की निगरानी सभी स्तर में हो इसकी विशेष निगरानी किया जाए। डायरिया के प्रकरण की विशेष निगरानी तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने मितानीन से त्वरित संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुष्मान हेल्थ शिविर प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाए। जिसमें गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग ज्यादा से ज्यादा लोगों की जाय। स्कूल आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शत-प्रतिशत हो। चिरायु टीम निर्धारित स्कूल में समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, बीएमओ डॉ. ओमेष भगत, जिला प्रबंधक डाटा अखिलेश चोपड़ा, सभी जिला सलाहकार, चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित थे।

# धोबी समाज ने किया भावेश का स्वागत

## समाज के लिए गर्व की बात - मुकेश निर्मलकर



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने 25 सितम्बर को रेल्वे स्टेशन पहुंचकर भावेश रजक को हार फुल माला से स्वागत कर बधाई दी भावेश रजक ग्राम धामनसरा का निवासी है जो कि क्रिकेट अंडर 19 में छत्तीसगढ़ की टीम राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा गोवा में छत्तीसगढ़ की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ की टीम में प्रतिनिधित्व करते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा के छात्र भावेश रजक द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जिसके आधार पर प्रतियोगिता में बेस्ट कीपर एवं बेस्ट बैस्टमैन का खिताब अपने नाम किया जिसके चलते उक्त छात्र अंडर 19 के भारतीय टीम में चयन हो गया। चयन होने पर धोबी समाज राजनांदगांव ने बधाई दी इस अवसर पर झेरिया धोबी समाज युवा संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश निर्मलकर ने कहा की समाज को भावेश पर गर्व है। इसी तरह उन्होने सभी युवा वर्ग से अपील किया है की चाहे खेल की दिशा हो या अन्य गतिविधियों में अपना प्रदर्शन बेहतर करे और समाज का नाम रोशन करे। इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला कोषाध्यक्ष एवं सरपंच योगेश्वर निर्मलकर, भाजपा नेता और समाज सेवी पवन निर्मलकर, देवानंद निर्मलकर,दीपक रजक, राजेश निर्मलकर व विद्यालय प्रार्चाय अजय मसीह सर एवं अन्य उपस्थित थे।

# आरकेसी में यू.एस.ए. से अमित का आगमन



राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल किड्स कान्वेंट के भूतपूर्व मेधावी छात्र अमित झा जो अभी गूगल न्यूयॉर्क में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं, उन्होंने शाला में आकर विद्यार्थियों को समझाया कि कैसे वे अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उन पर आगे बढ़े और सफलता प्राप्त करें अपने सपनों को कैसे पूरा करें। इसी कड़ी में उन्होंने बच्चों को सफलता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।

शाला के एकेडेमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने भी इस अवसर पर बच्चों को सफलता के सूत्र बताये और उनसे अपनी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने आवह्वान किया। देश विदेश में मल्टीनेशनल कंपनीज में रॉयल किड्स कान्वेंट के छात्रों के प्लेसमेंट की तथा उज्जवल कैरियर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर समर्पण आवश्यक है, पढ़ाई के साथ खेल को भी महत्व दे। सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने का भरसक प्रयत्न करें, समय के पाबंद बने, टाइम मैनेजमेंट करें। समय पर सोए समय पर जागे और समय पर अपना काम करें, सफलता अवश्य मिलेगी। अमित झा ने बताया कि मोबाइल में अपना समय बर्बाद ना करें। उस समय को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कोशिश करें, निष्काम कर्म करते जाएं, फल अच्छा मिलेगा। माता-पिता एवं गुरुजनों को महत्व दे, उनकी सलाह से काम करें, उनका रिस्पेक्ट करें, हमेशा नई चीज़ सीखने के लिए तत्पर रहे। अमित झा ने अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के तरीके बताये।


रॉयल किड्स के विशाल ग्राउंड में अमित ने बच्चों से काफी लंबी वार्तालाप की उनके यू.एस.ए. जाने से लेकर वहां उनकी लाइफस्टाइल और हैप्पीनेस इंडेक्स पर भी बहुत से प्रश्न पूछे इस तरह हंसते मुस्कुराते सुबह की गुनगुनी ठंड में बच्चों ने अमित से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान लिया। इस अवसर पर रॉयल किड्स परिवार ने अमित झा को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत तथा स्मृति चिन्ह देकर क्षणों को यादगार बनाया।

# कलेक्टर ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में 28 सितम्बर को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल, मुख्य मंच, विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल, जनसामान्य की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बेरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया। कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए पार्किंग, जनप्रतिनिधियों और जनसामान्य की बैठक व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्राम बरगा के मिनी स्टेडियम में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं मुकेश ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दल्लीराजहरा में आज नियोगी जी की शहादत दिवस



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शहीद शंकर गुहा नियोगी नया भारत के लिए नया छत्तीसगढ़ शोषणविहीन, शराब विहीन छत्तीसगढ़ बनाने एवं मेहनतकश शोषित पीड़ित मजदूर किसान, जल, जंगल, जमीन के अधिकारों के लिए संघर्ष कर अपनी जान की कुर्बानी दी उनका शहीद दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 28 सितम्बर शहीद नियोगी की कर्मभूमि दल्लीराजहरा में मनाया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव, मोतीपुर, टेड़ेसरा, सोमनी, बफरा, डुमरडीह खुर्द, भोथीपार, ईरा, खुटेरी के श्रमिकगण छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के मेघदास वैष्णव एवं प्रेमनारायण वर्मा के नेतृत्व में दल्लीराजहरा पहुंचेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थान दुर्ग, भिलाई, बिरगाँव, रायपुर, महासमुंद, सरायपाली, बसना, गुरूर, बालोद, डौण्डीलोहारा, डौण्डी आदि स्थानों से किसान मजदूर शहीद शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस संकल्प दिवस रैली सभा में शामिल होंगे, तथा अन्य जगहो से वक्तागण कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

रैली का नेतृत्व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान मजदूर नियोगी जी को श्रद्धांजली सुमन अर्पित कर उनके बताए हुए रास्ते में चलने का संकल्प लेंगे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202409092300033
अ/6 (अ)-वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई पिता बैजनाथ जाति तेली निवासी ग्राम मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम ठेकवा पटवारी हल्का नं. 10 राजस्व निरीक्षक मंडल मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित कृषि भूमि कुल खसरा 07 कुल रकबा 1.982 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम बीना बाई पिता बैजनाथ के नाम पर दर्ज है। किन्तु आवेदिका का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मीना बाई पिता बैजनाथ जाति तेली दर्ज है। आवेदिका द्वारा राजस्व अभिलेख में अपना नाम बीना बाई उर्फ मीना बाई पिता बैजनाथ जाति तेली दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 08.10.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-0
348-5 359-7
राजधानी
1-5-8
112-4 360-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

पताः- ग्राम सांकरा रोड़, सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.) Email ID -livelihoodcollegerajnandgaon@gmail.com

क्रमांक/4608/जिपलाकॉसो/2024 राजनांदगांव, दिनांक 23/09/2024

**- : संक्षिप्त प्रारूप :-**

**।। EOI आमंत्रण सूचना।।**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सांकरा-सोमनी राजनांदगांव में मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न सेक्टर/ व्यवसायों में प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर के चयन हेतु इच्छुक पंजीकृत संस्था/प्रतिष्ठान से मोहर बंद रूचि की अभिव्यक्ति एवं आवासीय प्रशिक्षणार्थियों के भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करने हेतु राजनांदगांव जिले के इच्छुक पंजीकृत स्व-सहायता समूहों से मोहर बंद निविदा दिनांक **24/09/2024** से दिनांक **16/10/2024** शाम को **05.00** बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट एवं अन्य माध्यम से आमंत्रित की जाती है। रूचि की अभिव्यक्ति एवं निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in पर देखी जा सकती है।

**सहायक परियोजना अधिकारी,**
**जिला परि. लाई. कॉलेज सोसायटी**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संवादः-41593/2**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण कृपया समय का ध्यान रखें
पहला खेल 11.30, 2.45, 6 व रात्रि 9.15 बजे
करण जौहर एवं ए.ए. फिल्मस् कृत
देवरा - पार्ट-1
कलाकार - जुनियर एन. टी. आर., जान्हवी कपूर, शैफ अली खान, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमन्यु सिंह आदि।


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th SEP to 03rd Oct 2024
silver SCREEN

Devara - 11:30am, 11:45am, 02:45, 03:00, 06:00, 06:15, 09:15 and 09:30 pm
Yudhra (Hindi) - 12:00 pm
Stree 2 - 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# फेडरेशन के कलम बंद-काम बंद से शासकीय कार्यालयों में कामकाज हुआ ठप्प

## फेडरेशन के आह्वान पर धरना प्रदर्शन का हुआ सफल आयोजन, डी.ए. और गृहभाड़ा भत्ता की अपनी लंबित मांगों के समर्थन में उमड़ा शासकीय सेवकों का जनसैलाब

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव जिला ईकाई अपने प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी के आव्हान पर, जिला संयोजक डॉ.के.एल.टाण्डेकर एवं महासचिव सतीश ब्यौहरे के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले में शासकीय सेवकगण अपनी डी.ए. और गृहभाड़ा भत्ते सहित चार सूत्रीय लंबित मांगो के समर्थन में एक दिवसीय प्रान्तव्यापी धरना प्रदर्शन के माध्यम से आंदोलनरत् हुए।

'कलम बंद-काम बंद' के नारे के साथ अपनी मांगों को लेकर यह आंदोलन आज 27 सितंबर की प्रातः लगभग 10:00 बजे से शाम 4 बजे तक धरनास्थल कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे संपन्न हुआ तत्पश्चात शाम 4:00 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकगण एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के लिये जोरशोर से एकजुट होकर नारेबाजी करते, एवं राज्य शासन के कर्मचारियों को केन्द्र शासन के समान देय तिथि अनुसार 50 प्रतिशत डी.ए. एवं बकाया एरियर्स राशि सहित सॉतवे वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग करते हुए वृहद स्तर पर हड़ताल, एवं धरना प्रदर्शन करते दिखाई दिये। आंदोलन के विषय में फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. के.एल.टाण्डेकर एवं महासचिव सतीश ब्यौहरे ने बताया कि पूर्व में फेडरेशन के द्वारा शांतिपूर्ण चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से राज्य शासन को समय-समय पर अपनी जायज मांगो के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है। शासन द्वारा राज्य सेवा के कर्मचारियों के वेतन में लगातार कटौती की जा रही है, और उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसके कारण शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है और वे अपने हक की लड़ाई के लिये लामबद्ध हो रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के सैंकड़ो कर्मचारीगण अधिकारीगण सामूहिक रूप से अवकाश लेकर आज 27 सितंबर को राजनांदगांव जिला कार्यालय के सामने, फ्लाईओवर के नीचे जी.ई.रोड पर एक दिवसीय प्रान्तव्यापी कलम बंद - काम बंद हड़ताल, एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुँचाने का प्रयास किया है और इसमे काफी हद तक सफल भी रहे है, जिसके चलते आज ब्लाक, तहसील एवं जिला स्तर के शासकीय कार्यालयों एवं विभागों में दिनभर कामकाज ठप्प रहा है। जिले के कई अधिकारीगण भी कार्यालयो में अपनी सीट पर अनुपस्थित रहकर आज के इस आंदोलन को मौन समर्थन देते दिखे।

शासकीय सेवकों की केन्द्र शासन के समान देय तिथि से डी.ए. एवं सॉतवे वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा भत्ते सहित चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने के राजनांदगांव जिला ईकाई के इस आंदोलन में मुख्य रूप से विभिन्न संगठनों एवं संघों के अध्यक्षगण पदाधिकारीगण सदस्यगण सैकड़ों की तादाद में उपस्थित रहे। फेडरेशन के पदाधिकारी में मुख्य रूप से जिला संयोजक डॉ.के.एल.टाण्डेकर, जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे, एस के ओझा पदाधिकारीगण पी.आर.झाड़े, रामनारायण बघेल, उत्तम फंदियाल संतोष चौहान, डॉ.अशोक जैन अरूण देवांगन, आदर्श वासनिक, आनंद कुमार श्रीवास्तव, संजय तिवारी, महेश्वर प्रसाद साहू, परदेसी राम साहू, कौशल कुमार शर्मा, विनोद मिश्रा, राज्यशेखर मेश्राम, डी.एल.चौधरी, भूपेंद्र कांडे, अजीत दुबे, यशवंत सिन्हा, महेश साहू, जाकेश साहू, कृतलाल साहू, हरीश भाटिया, जयंत बावने, एन.एल.देवांगन, उपेन्द्र रामटेके, हरीशचंद यादव, जी आर देवांगन, अंबरीश प्रजापति, दिलीप बारले, डॉ.बी.पी.चंद्राकर, भीषम ठाकुर, विनोद टांडेकर, यशवंत नेताम, रोशन साहू, वीरेंद्र कुमार रंगारी, मुकेश महेश्वरी, राजेन्द्र देवांगन, सी.एल चंद्रवंशी, अभिषेक श्रीवास्तव, नितिन देशमुख, दीपक कुमार वैष्णव, डॉ.अशोक जैन, डॉ.माजिद अली, यशवंत जंघेल, दुर्गा जादौन, मनीष साहू, विजय यदु, डी.के.लिल्हारे, श्रीमती प्रतिमा मल, डैनी राम वर्मा, अभय श्रीवास्तव, भेल सिंह वर्मा, योगेंद्र नाथ पांडे, संतोष देशमुख, रोशन साहू, प्रीति बाला लाटिया, राजेश रथी, धनलक्ष्मी महोबिया, लक्ष्मी देवांगन प्रमुख रहे। आंदोलन के विषय में जिला संयोजक डॉ.के.एल.टाण्डेकर एवं जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे ने यह भी बताया कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी, शासन के उपेक्षापूर्ण रवैये से क्षुब्ध एवं व्यथित होकर, इसके विरोध में आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से आंदोलन कर रहे हैं और इस आंदोलन को राज्य सेवा के विभिन्न 112 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों का समर्थन प्राप्त है जो राज्य शासन से अपनी मांगो को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिये कमर कस चुके हैं। यदि शासन छ.ग.कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की लंबित मांगों पर शीघ्र कोई समाधानकारक ठोस निर्णय नहीं लेती है तो यह और उग्र होगा अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए फेडरेशन रुख करेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य शासन की होगी।

# अभिषेक सिंह ने विभिन्न पीड़ितों को सहायता राशि प्रदान की



**सुरगी सड़क दुर्घटना में मृतक स्व. अनुज साहू के परिजनों को भी सहायता राशि प्रदान की गई**

राजनांदगांव (दावा)। मिडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व राजनांदगांव से सुरगी मार्ग के जर्जर होने पर दुर्घटना का शिकार हुए स्व. अनुज साहू के परिजनों को भी पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के स्वेच्छा अनुदान से एक लाख रूपए का चेक पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने परिजनों को सौंपा।

उनकी धर्मपत्नी कुमारीबाई साहू एवं सरपंच आनंद साहू के साथ-साथ ग्रामीणों में भी डॉ. रमन सिंह को साधुवाद व्यक्त किया। इसी तरह से चिखली निवासी मोहन लाल निषाद को कैंसर पीड़ित होने पर 50,000 की राशि का चेक सौंपा गया। इसी तरह से हरदी वार्ड के विदेशी यादव, महेश निषाद, लोकेश्वरी यादव पत्नी स्व. शिवेंद्र यादव, पार्वती साहू पति स्व. गोपी साहू को भी आर्थिक मदद के रूप में चेक प्रदान किया गया इस अवसर पर तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, सुरगी के सरपंच आनंद साहू, हकीम खान, चंद्रकृत साहू, सतानंद साहू आदि उपस्थित थे।

# शहर में दुर्गोत्सव की भव्य तैयारी... मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रुप देने जुटे

## शहर में दुर्गोत्सव पर स्थल सजावट व झांकियां की रहेगी धूम, गंज मंडी में बन रहा मां वैष्णोदेवी की गुफा, जस जगराता व कवि/सम्मेलन का होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर नवरात्रि पर्व 3 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। इसके पहले शहर सहित पूरे जिले भर की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा मां दुर्गा उत्सव मनाए जाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। जगज्जननी मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना से लेकर उनकी नौ दिनों तक पूजा-पाठ, ध्यान, साधना आराधना को लेकर आदि शक्ति मां दुर्गा के भक्त जन तैयारियों में जुटे हुए है। इधर देवी मंदिरों में भी नवरात्रि ज्योति जंवारा की भी तैयारिया होने लगी है।

शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला के मंदिर प्रांगण की नए साज-सज्जा व रंग रोगन का काम द्रूत गति से जारी है। इसी तरह पताल भैरवी मंदिर में नवरात्रि पर्व की जोरदार तैयारी की जा रही है। चंडी मंदिर लखोली नाका, फिरतीन माता मंदिर नंदई-बसंतपुर में भी नवरात्रि के ज्योति-जंवारा स्थापना की जोरों से तैयारियां होने लगी है। शहर के के गंज लाइन सहित रामाधीन मार्ग, आजाद चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, लखोली नाका चंडी चौक, नंदई इंदिरा नगर, गोलबाजार, जयस्तंभ चौक, पुत्री शाला रोड, दिग्विजय कालेज रोड, जमातपारा चौक सहित अन्य चौक चौराहों व पटरी पार के क्षेत्र स्टेशन पारा चिखली, ममता नगर, मोतीपुर, तुलसीपुर में दुर्गा उत्सव की व्यापक तैयारियां की जा रही है। आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे है और नौ दिनों तक जस गायन, जस जगराता सहित विभिन्न कार्यक्रम आदि की संयोजना की जा रही है।



### गंज लाइन में भूमिपूजन

बता दे कि तिरंगा चौक स्थित गंज लाइन में गंज गणेशोतसव सहित दुर्गोत्सव की भी धूम रहती है। गुरूवार को गंज लाईन दुर्गोत्सव समिति के लोगों ने पूर्व महापौर अजीत जैन, दामू भूतड़ा, राजू खंडेलवाल ,नंदू आदि सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दुर्गापूजन स्थल का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया गया। यहा नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा की पूजा-आराधना सहित भजन-कीर्तन व जसगायन आदि की धूम रहती है। मातारानी के भक्तों में नित प्रसादी वितरण किया जाता है। इससे गंज लाइन का माहौल मातारानी की भक्ति के साथ धर्ममय बना रहता है।

### सज रही दुर्गा प्रतिमाएं

नवरात्रि पर्व नजदीक आते ही मूर्तिकारों को मां दुर्गा प्रतिमाए बनाने के लिए रात-दिन एक कर देनी पड़ रही है। शहर के पुराने मूर्तिकार पांडूरग, वासुदेव आदि से लेकर कोलकाता से आए मूर्तिकार कृष्णा पाल व गोपाल पाल का हाथ खाली नहीं है। इसी तरह लखोली, मनकी, सिंघोला, मोतीपुर आदि सहित ग्राम थनौद में भी मूर्तिकार दिन-रात एक कर मां दुर्गे की प्रतिमाएं बनाने में जुटे हुए है। सिनेमा लाइन रोड स्थित मूर्तिकार कृष्णा पाल ने बताया कि उनके पास लगभग 15 की संख्या में मां दुर्गा की 9 फीट उंची वाली प्रतिमाओं का आर्डर है। उनके यहां 5 फीट से लेकर 9 फीट तक की मां दुर्गा की मूर्तिया तैयार हो रही है। इनकी कीमत उंचाईनुसार 5 हजार से लेकर 15.-20 हजार रूपए तक है। इन बड़ी मुर्तियों के साथ मां सरस्वाती भगवान गणेश व कातिकेय की भी मूर्तियां भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाए लगभग तैयार है आज से रंग-रोगन का काम शुरू हो जाएगा। इसी तरह गोपाल पाल ने भी बताया कि उनके पास बड़ी मात्रा में दुर्गा प्रतिमा आर्डर आने के कारण अपने प्रदेश से सहयोगी मूर्तिकारों को बुलाया है। उन्होंने 9 फीट ऊंची मां दुर्गा प्रतिमा की कीमत 15 हजार रूपए बताई।

### स्थल सजावट रहेंगे आकर्षण के केन्द्र

संस्कारधानी नगरी के रूप में विख्यात राजनांदगांव में गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा सहित शक्ति आराधना के पर्व नवरात्रि में दुर्गा पूजा की भी धूम रहती है। शहर के विभिन्न स्थानों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जाती है। जहां जगमग करते पंडाल व पूजा-आराधना की धूम लोगों में भक्ति-भावना का संचार करता है। पंचमी तिथि के दिन स्टेशन पारा में रेल्वे स्टेशन की दुर्गा का एक अलग भव्यता रहती है। मां दुर्गा के सामने बंगाली ड्रम वादन के साय धूपदानी में धए के साथ महिलाओं का नृत्य एक अलग ही रोमांच पैदा करता है। इस बार गंज मंडी में नवरात्रि पर मां दुर्गा-पूजा आराधना की धूम रहेगी। गंज मंडी में मां वैष्णोदेवी की गुफाओं के तर्ज पर पंडाल तैयार किया जा रहा है।

मंडी के बलभद्र चन्द्राकर ने बताया कि मंडी व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में की जा रही दुर्गोत्सव कार्य क्रम के तहत पंडाल में मां वैष्णोदेवी मंदिर की गुफाओं के साथ आकर्षक सजावट भी की जा रही है वही बच्चों के लिए झूला जम्पिंग नेट भी लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवरात्र आयोजन में 5 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध जस गायक दुकालू यादव का रंगारंग कार्यक्रम व 8 को पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे सहित अन्य कवियों का कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित है। रोजाना मातारानी की पूजा आराधना सहित भक्तों में प्रसाद वितरण तथा अष्टमी तिथि को यज्ञाहूति सहित भंडारा का भी आयोजन किया गया।

# फस्ट ऑल इंडिया पुलिस भारोत्तोलन गेम्स में कु. ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता गोल्ड मेडल

राजनांदगांव (दावा)। भिलाई सेक्टर-4 में आयोजित फस्ट ऑल इंडिया पुलिस भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशीप गेम्स स्पर्धा में राजनांदगाँव जिला पुलिस विभाग में कार्यरत व इंडिया कैम्प पटिलाया में अभ्यासरत् कु. ज्ञानेश्वारी यादव ने 49 कि.ग्रा. वजन समूह में 81 कि.ग्रा. स्नैच व 101 कि.ग्रा. क्लिन जार्क कुल वजन 182 कि.ग्रा. वजन उठाकर अपने ग्रुप में गोल्ड मेडल पर अपना नाम दर्ज की।



जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष श्री अमित अजमानी ने बताया कि कु. ज्ञानेश्वरी यादव शुरू से मेहनती व होनहार खिलाड़ी है, वह राज्य, राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्पर्धा में मेडल लाये है और जिला राज्य व देश का मान बड़ाई है। कु. ज्ञानेश्वरी यादव की उपलब्धि व गोल्ड मेडल लेने पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिले भारोत्तोलन संघ व जय भावानी व्यायाम शाला के संचालक एवं अध्यक्ष अमित अजमानी संरक्षक अजय श्रीवास्तव, डोमन महोबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार, संघ के सचिव अशोक श्रीवास, उपाध्यक्ष चोवाराम सोनकर, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, आकाश सोनी, सहसचिव नाहिद अख्तर, रितेश घरड़े, तामेश्वर बंजारे, प्रेम कापसे, जय पटेल, नारायण लोहार, कोषाध्यक्ष बसंत मेगी, जय भवानी व्यायाम शाला के सचिव शेख वसीम, सहसचिव नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष विवेक रंजन सोनी, व्यायाम शाला के वरिष्ठ सदस्य दाऊद खान रामा यादव, अजय कुलदीप, नितिन शर्मा, नोमेन्द्र यादव, जग्गु ठाकुर, भरत साहू, गौकरण सोनकर आदि सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है। यह जानकारी जिला वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

# समस्त निगम कर्मचारियों को नवरात्र एवं धनतेरस त्यौहार के पूर्व माह सितम्बर और अक्टूबर 2024 का बकाया वेतन तथा एडवांस भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। समस्त निगम कर्मचारियों के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह कह समाचार दिया जा रहा है कि आगामी माह के प्रथम सप्ताह में नवरात्र प्रारंभ है और अंतिम सप्ताह के अंत में दिपावली त्यौहार पड़ रहा है, उक्त दोनों त्यौहार में खर्चा अधिक होता है। समस्त निगम के नियमित दैनिक वेतनभोगी ठेका श्रमिकों को माँ नवरात्र एवं धनतेरस त्यौहार के पूर्व माह सितम्बर और अक्टूबर 2024 का बकाया वेतन तथा एडवांस नियमित कर्मचारियों को 10,000 रूपये (दस हजार) दैनिक वेतन भोगी/प्लेसमेंट कर्मचारियों को 8000 रूपये वेतन के साथ जोड़कर 28 अक्टूबर के पूर्व धनतेरस त्यौहार के पहले भुगतान करने की कृपा करेंगे। जिसके लिए हम समस्त निगम कर्मचारीगण आपके आभारी रहेंगे।

# किडनी, पथरी, नस, मस्तिष्क, लकवा, मिर्गी, आधा सिर दर्द, ईएनटी, निःसंतानता (IVF) एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट एवं चर्म रोग विशेषज्ञों की सेवाएं आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक राजनांदगांव में उपलब्ध




राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जी रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका, वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरके साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पिंचा एवं निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई) तथा चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे

राजनांदगांव में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं देने का मुख्य कारण राजनांदगांव में गंभीर मरीजों के इलाज हेतु स्पेशलिस्ट डॉक्टर का अभाव है। किसी भी गंभीर समस्या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण

## गांधी सभागृह में आयोजित शिविर में शासन की योजना का लाभ देने हुआ पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत 27 व 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर तक आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में आज गांधी सभागृह में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया।



स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक कराया जाना है, निर्देश के क्रियान्वयन के तहत नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कर लोगों से स्वच्छता अपनाने, साफ सफाई से जुडने अपील की जा रही है। इसी तारतम्य में 27 व 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर आयोजित करने की कड़ी में आज गांधी सभागृह में जिला चिकित्सालय एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से लगभग 200 सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इसके अलावा पंजीयन शिविर में श्रम विभाग की योजनाओं तथा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना, आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड जैसे अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को लाभ देने पंजीयन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को भी किया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर आयोजित स्वच्छता पखवाडा में शहर को कचरा मुक्त करने, कचरा पृथककरण, साफ सफाई के संबध में लोगों को समझाईस दिया जा रहा है, साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, उद्यानों आदि में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# अग्रवाल समाज की कीर्ति पताका को नई ऊंचाइयां मिले

राजनांदगांव (दावा)। ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ ही आज श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील पसारी संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा राजनांदगांव थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज ने अपने आराध्य भगवान श्री अग्रसेन जी का अनुसरण करते हुए अतुलनीय उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने आव्हान किया कि हमें अपने घरों में नई पीढ़ी को अपनी भाषा और संस्कृति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।



### आज की प्रतियोगिताएं

आज 28 सितंबर शनिवार को सायं 4:30 बजे अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा 'म्यूजिकल अंताक्षरी' गीत संगीत की सुरीली शाम। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा दोपहर 3 बजे से छोटे बच्चों के लिए रिंग गेम, ओम को फूलों से सजाओ, वॉल हैंगिंग, बाटल सजाओ तथा बिना फायर व्यंजन बनाओ जैसी मजेदार प्रतियोगिताएं होगी। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार सह प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अग्रसेन जयंती की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि सभी अग्र परिवार पूरे एक सप्ताह तक जयंती महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, अपनी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए इस उत्सव का पूरा आनंद लें। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए संजय अग्रवाल ने कहा कि हम सभी मन से दृढ़ संकल्पित है कि अग्रवाल समाज की उपलब्धियों की कीर्ति पताका को नित नई ऊंचाइयां मिले। उद्यान प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने बताया कि नवीनीकरण के पश्चात अग्रसेन उद्यान रामाधीन मार्ग में समाज जनों की उपस्थिति में श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। आभार ज्ञापन अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने किया।

## अनमोल दावा

*डर से निपटने के दो ही रास्ते है सब भुला के पीछे हट जाओ और सबका सामना करते हुए आगे बढ़ जाओ।*

## ग्रामीण भारत की सूरत बदलती कृषि, विकास के लिए सरकार दे रही उधमशीलता को बढ़ावा

सरकार नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति को भी अंतिम रूप दे रही है। इसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में तीन लाख पैक्स का गठन करना है जो अभी 65000 हैं। इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अनूठी पहल की है ।

तीसरे कार्यकाल में मोदी सरकार की स्थिरता पर संदेह प्रकट करने वालों को निराशा हाथ लगी है। पहले सौ दिनों में ही सरकार ने 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं को मंजूरी दी। सरकार का पूरा जोर सरकारी कामकाज के तरीके में बड़े सुधार और गुड गवर्नेंस को जमीनी स्तर तक ले जाने पर है। इसके लिए वह भूमि रिकार्ड से लेकर सरकारी कामकाज के डिजिटलीकरण पर फोकस कर रही है, ताकि योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचे। इसीलिए सरकारी योजनाओं की रूपरेखा तय करने, योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के साथ-साथ उसकी मानिटरिंग और नौकरशाही की जवाबदेही तय करने के लिए नए मानक निर्धारित किए गए हैं।

सरकार के तीसरे कार्यकाल की जो उपलब्धियां आज दिख रही हैं, उसकी कवायद लोकसभा चुनाव घोषित होने के पहले से ही शुरू कर दी थी। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों से कहा था कि वह अगले पांच साल का रोडमैप और सौ दिनों का एक्शन प्लान बनाएं। एक्शन प्लान लागू करने के लिए सचिवों की दस समितियां बनाई गईं।सभी मंत्रालयों से रिपोर्ट मांगी गईं। राज्य सरकारों से भी सलाह ली गई। कारोबारियों, सिविल सोसायटी और युवाओं से भी सुझाव मांगे गए। इसके लिए दो हजार से अधिक बैठकें की गईं। इन सभी के निष्कर्ष से एक्शन प्लान का रोडमैप बना।सरकार कृषि क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा दे रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग-धंधों का विकास हो। इसी को देखते हुए कृषि आधारभूत ढांचा फंड का विस्तार किया गया है। गत दिनों इसके तहत सात योजनाओं के लिए 14,200 करोड़ रुपये जारी किए गए। इसमें डिजिटल कृषि मिशन के लिए 2,817 करोड़ रुपये, फसल विज्ञान पर 3,979 करोड़ रुपये, कृषि शिक्षा एवं प्रबंधन को बेहतर करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये और पशु स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये मुख्य हैं।सरकार कृषि क्षेत्र को डिजिटल बनाने की कवायद में भी जुटी है। इसके लिए अक्टूबर के पहले सप्ताह में देश भर में किसानों का पंजीकरण शुरू होगा। किसानों को आधार कार्ड की भांति एक विशेष पहचान पत्र दिया जाएगा, जिसकी सहायता से न्यूनतम समर्थन मूल्य से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड जैसे कार्यक्रमों और योजनाओं तक उनकी पहुंच बनेगी।कार्ड होने से सरकार को भी योजनाएं बनाने, उनके क्रियान्वयन और विस्तार में सहायता मिलेगी। सरकार ने अगले साल मार्च तक पांच करोड़ किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य तय किया है। पहले सौ दिनों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की गई। इसके तहत 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया गया।न्यूनतम समर्थन मूल्य वाली सभी फसलों पर 100 से लेकर 550 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई। सरकार ने प्याज और बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया, वहीं रिफाइंड तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाया, ताकि घरेलू तिलहनों को अच्छा मूल्य मिल सके। वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही मोदी सरकार ने दलहनी-तिलहनी फसलों एवं मोटे अनाजों के समर्थन मूल्य में भरपूर बढ़ोतरी की है। इसके बावजूद दलहनी-तिलहनी और मोटे अनाजों की सरकारी खरीद में अपेक्षित सुधार नहीं आया। इसका कारण है कि देश में सरकारी खरीद, भंडारण और विपणन का ढांचा गेहूं तथा धान जैसी चुनिंदा फसलों एवं इलाकों तक ही सिमटा है। अब सरकार दलहनी-तिलहनी और मोटे अनाजों की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद, भंडारण एवं विपणन का देशव्यापी नेटवर्क बना रही है।इससे न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि अनाजों के केंद्रीकृत भंडारण पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। इसके लिए सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की गई है, जिसके तहत प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के स्तर पर गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इन गोदामों में स्थानीय उपज को भंडारित करके सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किया जाएगा। इस प्रकार खेती से लेकर थाली तक विविधता आएगी। सरकार नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति को भी अंतिम रूप दे रही है। इसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में तीन लाख पैक्स का गठन करना है, जो अभी 65,000 हैं। इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अनूठी पहल की है। राज्य सरकार एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक मक्का, ज्वार और बाजरा की खरीद करेगी। इसके लिए किसानों का पंजीकरण शुरू हो चुका है। उपज की बिक्री का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल पूरे देश के लिए नजीर बनेगी।

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट

- ललित गर्ग-



केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं।



आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। चिंता यह भी कि यदि रैंडम सैम्पलिंग में ये दवाइयां पकड़ी नहीं जाएं तो इनकी खुलेआम बिक्री लोगों की सेहत पर खतरा बन कर मंडराती रहती हैं। एक तरफ सीडीएससीओ ने दवाओं की सुगम आपूर्ति के लिए अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा व यूरोपीय संघ के कुछ चुनिंदा देशों से आयातित दवाओं को नियमित नमूना परीक्षण से छूट दी है, वहीं देश के बाजारों में पहुंची दवा निर्माता कंपनियों की दवाओं में मिलने वाली यह खोट हमारी छवि पर विपरीत असर डालने वाली है।

दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्द निवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन-संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है। यह कैसी विडम्बना एवं विसंगतिपूर्ण दौर है जिसमें जिसको जहां मौका मिल रहा है, वह लूटने में लग हुआ है, यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ तब तक ही ईमानदार है जबतक उसको चोरी करने का या लूटने का मौका नहीं मिलता। हद तो तब है जब कई जगह जीवनरक्षक इंजेक्शनों की जगह नकली इंजेक्शन तैयार करने की खबरें भी आती रहती हैं। हम कितनें लालची एवं अमानवीय हो गये हैं, हमारी संवेदनाओं का स्रोत सूख गया है, तभी अपना ईमान बेच कर इंजेक्शन में पैरासिटामोल मिलाकर बेचने लगते हैं, हम तो अपनी तिजोरियां भरने के लिए जिंदा इंसानों को ही नोच रहे हैं, कहाँ लेकर जाएंगे ऐसी दौलत या फिर किसके लिए? यह कैसी मानवीयता है?

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। सरकार का व्यवस्था पर नियंत्रण कमजोर होता दिख रहा है। आम आदमी जाए तो कहां जाये? विश्व को श्रेष्ठ, नैतिक एवं मानवीय बनने का उपदेश देने वाला देश आज कहां खड़ा है? आज इन मूल्यों एवं संवेदनाओं की दृष्टि से देश कितना खोखला एवं जर्जर हो गया है। आज भौतिक एवं स्वार्थी मूल्य अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा चुके हैं कि उन्हें निर्मूल करना आसान नहीं है। मनुष्य का संपूर्ण कर्म प्रदूषित हो गया है। सारे छोटे-बड़े धंधों में अनीति प्रवेश कर गई है। अमानक दवाओं का बढ़ता बाजार एक कलंक बनकर उभरा है। निस्संदेह यह संकट जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। ऐसे में सरकारों को दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी होगी।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-271 : अन्नपूर्णा सीता जी संपूर्ण ऐश्वर्य, सुख समृद्धि छोड़कर वन जाने को तत्पर

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



जब जानकी जी को मिथिला जाना होता तो वे अपने उपयोग की कई सामग्रियों को लेकर यात्रा में जाना पसंद करतीं।वे अपने साथ अपनी रुचि के वस्त्र, आभूषणों और स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को भी रखतीं। विवाह के अवसर पर जानकी जी ने 16 शृंगार धारण किया था। उन्होंने माता सुनयना से पूछा भी था, 'क्या इतने आभूषण धारण करना अनिवार्य है माते?'

'हां पुत्री!'

'क्या सभी स्त्रियों के लिए यह सोलह शृंगार आवश्यक होता है?'

माता ने कहा, 'ये आभूषण और शृंगार के अन्य उपादान विशेष अवसरों पर नारी सौंदर्यवर्धन के लिए काम आते हैं और ये सौभाग्य का प्रतीक भी हैं पुत्री। लेकिन यह भी सच है कि सभी स्त्रियों को ये सब प्राप्त नहीं होता है।'

सीता जी ने कहा था, 'मैंने इसलिए आपसे पूछा है माते क्योंकि हमारे राज्य में ऐसी स्त्रियां भी हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे ऐसे बहुमूल्य आभूषणों को क्रय कर सकें। तब मैं इन सभी आभूषणों को क्यों धारण करूं माते? जो मुझे रुचेगा मैं वही धारण करूंगी।'

माता सुनयना ने हंसते हुए कहा, 'वो तो ठीक है वैदेही लेकिन विवाह के अवसर पर तुम्हारे पिताश्री और मैंने अपनी रुचि के अनुसार ये आभूषण तुम्हारे लिए बनवाए हैं।'

तब सीता जी ने कहा था, 'अब तो मुझे इन्हें अत्यंत प्रसन्नता के साथ धारण करना होगा।'

माता लक्ष्मी की मनुज स्वरूपा सीता जी अन्नपूर्णा हैं और धन समृद्धि तथा सौभाग्य का प्रतीक भी हैं, लेकिन आज वे स्वयं संपूर्ण वैभव और ऐश्वर्य छोड़कर सादगीपूर्ण रूप में अयोध्या से प्रस्थान करने के लिए श्री राम के साथ महाराज दशरथ से भेंट हेतु जा रही हैं।


(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -191

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गँरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 190 का हल



## सू- दोकू क्र.191

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.190 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### मोदी जी महंगाई कम करें तो तारीफ हम करें

गजाधर के बैठक में
न आ सकने पर,
बानी बोले गिरधारी को देखकर-
''सुनिए गिरधारी, पढ़ता हूॅ यह लेख
जो मुझे रविवारीय अंक में दिखा है।
हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी पर लेखक ने,
बहुत ही अच्छा लिखा है।''
गृहस्थ गिरधारी ने कहा- ''बानी!
मोदीजी वर्ल्डफेम के आदमी हैं,
यह बात सही है।
पर आज मुझे उन पर लेख
पढ़ने-सुनने का मन नहीं है।
मालूम केन्द्र सरकार ने
नवरात्रि के ठीक पहले,
खाने के तेलों पर
एक्साइज ड्यूटी लगा दी है,
जिससे तेल की कीमत प्रति टीन
दौ सौ रूपये तक बढ़ने से
मोटियारी महंगाई ने
अब और मोटी होकर
हमारी चिन्ता-फिकर
और बढ़ा दी है।''
तभी गजाधर आ गए।
गिरधारी का अन्तिम वाक्य सुनकर
वे बोले मुस्कराकर-''बानी!
औरों की तरह मैं भी मोदीजी की
करना चाहता हूॅ बढ़ाई,
पर क्या करूँ भाई!
आड़े आ जाती है महंगाई।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### गजल

कैसे भुलूं उस पल को जिसने आँखों से निश्च्छल प्यार दिया,
वह लोचन, वो निगाहें, तो केश मानों है काली घटा
उसकी दृष्टि में है अनंत प्यार, और है वेशूमार अपनापन,
वह निश्च्छल और है उदार, कितनी खूबसूरत है अंदाज।
उसकी चाल और गतिमान में है आकर्षण,
व्यक्तित्व में है साहस एवं निर्भिकता,
उसकी एक ही सुन्दरता नहीं, उसकी कण-कण में सुन्दरता है,
केश हैं स्वर्ण के तार, मुखमंडल है चंद्रकिरण,
निगाहें सिंह के समान अमित छाप छोड़ती।
उसकी बातों में है मधु की घोल, आवाज है कोयल सी,
बातों की शैली लगता है सा रे ग म की राग उसकी
लावण्यता और कोमलता अद्वितीय है,
उसके अंदर प्रकृति की अनमोल बनावट है।
ऐसी 'अद्वितीय' प्राकृतिक बनावट में सुख ही सुख है,
यह 'सुन्दरता' की धन है, दम्पति का सौभाग्य लक्ष्मी है,
इसी 'लक्ष्मी' के अन्दर शिव शक्ति है,
वह उमा है, पार्वती है सरस्वती है,
ऐसी नारी की व्यक्तित्व साक्षात, दैवीय प्रतिनिध है,
वह अभिनेत्री है, नृत्यांगना है, गायिका है, रंगकर्मी है,
धन्य है ईश्वर के इस अनुपम बनावट को।
सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के संध्या सुन्दरी सेः-
मेरे प्राणों में आओं।
शत-शत शिथिल भावनाओं के,
डर के तार सजा जाओं
गाने दो प्रिय मुझे भूलकर,
अपनापन- अपार जग सुन्दर,
खुली करूण उर की सीपी पर
स्वाती जल नित बरसाओं।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
942412964

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कुछ नया करने का दिन है। आप किसी काम के बारे में नये सिरे से सोच सकते हैं। आज आपका कोई सपना साकार होने वाला है। सिर्फ उसे हासिल करने के लिए आत्मविश्वास और मेहनत की जरूरत है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता संबंधी परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे।



**वृषभ**
आज आपका दिन पहले से बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरुरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आज अपनी बोलचाल का लहजा नर्म रखें। गलत शब्दों के प्रयोग से संबंध खराब हो सकते हैं। किसी प्रकार की दुविधा की स्थिति में अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए उचित रहेगी।



**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा । जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। आज अपने व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। आपको अच्छे ऑर्डर और नए अनुबंध मिल सकते हैं। आपकी मेहनत से काम समय पर पूरे हो जाएंगे और साथ ही कर्मचारियों का भी काम पर पूरा समर्पण रहेगा।



**कर्क**
आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते किसी काम में रुकावट भी आ सकती है। आज का दिन परिवारजनों के साथ बहुत ही सुकून भरा बीतेगा। आपको योजनाबद्ध तरीके से कार्य संपन्न करने में मदद करेगी।



**सिंह**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवी के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है। आज आपका कोई उलझा हुआ काम बन सकता है, इसलिए पूरा ध्यान उस पर केंद्रित रखें। आज का दिन अपने सपने और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत ही अनुकूल है।



**कन्या**
आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप आपके कार्य जरुर सफल रहेंगे। कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। अनुभवी लोगों का सानिध्य करने का मौका मिलेगा जिससे दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा । आप कुछ नया करने की सोचेंगे। नई ऊर्जा का प्रभाव अपने अंदर महसूस करेंगे।



**तुला**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। आज ध्यान रखें कि किसी भी निर्णय को लेने में बहुत अधिक समय लगाने से कई उचित मौके हाथ से निकल भी सकते हैं।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिये दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी काम के लिये आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं।




**धनु**
आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यस्थल में आपकी निगरानी बहुत जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही से महत्वपूर्ण ऑर्डर हाथ से निकल भी सकते हैं। बेहतर होगा अपनी नीतियों में कुछ बदलाव लाएं। सहयोगियों तथा कर्मचारियों की गतिविधियों को नजरअंदाज न करें।



**मकर**
आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपकी कोई समस्या हल होने वाली है। सकारात्मक नजरिया रखने से भी परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी। आपकी संतान का ध्यान भी अपनी पढ़ाई की तरफ लगा रहेगा। तथा किसी विषय को लेकर चल रही समस्या भी दूर होगी।



**कुंभ**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसायिक मामलों में बहुत ही धैर्य और संयम रखने की जरूरत है। मीडिया तथा मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उचित उपलब्धियां बन रही हैं। हालांकि अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम हासिल नहीं होंगे। किसी की मदद से कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।



**मीन**
आज आपका दिन अच्छा बितेगा। आज कार्यस्थल पर बिजनेस में बहुत व्यस्तता और मेहनत रहेगी। बहुत अधिक सुधार की संभावना नहीं है। बिजनेस बहुत बड़ी डील होने की संभावना है। पब्लिक डीलिंग में भी फायदेमंद स्थितियां रहेंगी। आज परिवार जनों के बीच उचित सामंजस्य रहेगा।

# मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने किया इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का भ्रमण

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय अपनी पुत्री के साथ विश्वविद्यालय का भ्रमण करने पहुंची। शुक्रवार 27 सितंबर को विश्वविद्यालय पहुंचते ही कुलपति सत्यनारायण राठौर सहित कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल एवं कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, अधिष्ठाता लोकसंगीत योगेन्द्र चौबे एवं सहायक कुलसचिव राजेश गुप्ता ने कौशल्या साय का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात कौशल्या साय ने अपनी पुत्री के साथ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। सर्वप्रथम वे चित्रकला विभाग पहुंची जहां चित्रकला के छात्रों द्वारा बनाये गये आकर्षक चित्रों का आनंद लेते हुये छात्रों से बातचीत कर चित्रकला के संबंध में जानकारी ली। कैनवास पर उकेरी गई तस्वीरों को देखकर कौशल्या साय प्रफुल्लित हो उठीं। इसके पश्चात संगीत संकाय पहुंची जहां गायन एवं विभिन्न वाद्य यंत्रों की शिक्षा ले रहे छात्रों से





मुलाकात कर उनके बारे में जानकारी ली। विभाग प्रमुख नमन दत्त के द्वारा उन्हें अलग-अलग वाद्य यंत्रों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान वें विदेश से संगीत व कला की शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे छात्रों से भी मिलीं और उनसे बातचीत की।

### कौशल्या देवी ने लोक संगीत की छात्राओं के साथ किया नृत्य

लोक संगीत संकाय में भ्रमण के

**0 अपनी पुत्री के साथ गीत-संगीत सहित अन्य कलाओं का लिया आनंद**
**0 लोकसंगीत की छात्राओं के साथ थिरकती नजर आयी श्रीमती कौशल्या साय**

दौरान कौशल्या साय ने पहले छात्रों की गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुति देख प्रसन्न हो गई। इसके बाद छात्राओं की विशेष मांग पर उनके साथ छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य किये तथा सांवरी सुरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया गीत का गायन भी किया। इसके पश्चात नृत्य संकाय पहुंची जहां ओडिसी, कथक व भरतनाट्यम की छात्राओं से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। ओडिसी, कथक व भरतनाट्यम के छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य के माध्यम से नृत्यकला का परिचय दिया गया। नृत्य संकाय से कौशल्या साय सीधे दरबार हॉल पहुंची। जहां विश्वविद्यालय के अधिकारियों के द्वारा दरबार हॉल के ऐतिहासिक चीजों की जानकारी दी गई। दरबार हॉल से वे संग्रहालय पहुंची, जहां संग्रहालयाध्यक्ष डॉ.आशुतोष चौरे के द्वारा संग्रहालय में मौजूद प्राचीन वस्तुओं तथा कलाओं की जानकारी देते हुये उनकी विशेषता बताई। इस दौरान कौशल्या साय ने विश्वविद्यालय भ्रमण के दौरान होने वाली अनुभूति को शब्दों का रूप देते हुये विजिस्टर रजिस्टर में लिखा। विवि के अधिकारियों के द्वारा उन्हें म्यूजियम से संबंधित पुस्तकें भेंट की। इसके पश्चात वें ग्रंथालय पहुंची जहां पुराने गीत संग्रह सहित पुस्तकों से अवगत हुई। उन्होंने ग्रंथालय में अध्ययनरत छात्रों से चर्चा भी की।

### मूर्तिकला विभाग पहुंच विभिन्न प्रिंटिंग प्रक्रियाओं व मूर्ति बनाने की कलाओं से हुई अवगत

ग्रंथालय के बाद कौशल्या साय मूर्तिकला विभाग पहुंची जहां उन्होंने काष्ठ व मिट्टी की मूर्तियां बना रहे छात्रों से मुलाकात की और मूर्तिकला के संबंध में बारिकी से जानकारी ली। छात्रों से बात करते हुये उनका परिचय भी जाना और उन्हें खूब मेहनत कर बेहतर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। इसी तरह अलग-अलग पद्धति से कागज पर चित्र उकेरने वाली प्रिंटिंग प्रक्रिया से भी वें अवगत हुई। अधिकारियों द्वारा टेराकोटा, लीथोग्राफी व अन्य पद्धति से प्रिंटिंग किये जाने की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों द्वारा स्वयं के बनाये पोट्रेट व मूर्ति भी उन्हें प्रदान की गई। अंत में कौशल्या साय ने विश्वविद्यालय को लेकर कहा कि जैसा सुना था उससे कहीं ज्यादा पाया। विश्वविद्यालय के छात्र हमारी संस्कृति व हमारी धरोहर को बचाने का कार्य कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के विभिन्न प्रांत तथा विदेशों से पहुंचकर छात्र गीत-संगीत, नृत्य व विभिन्न कलाओं के माध्यम से संस्कृति को सहेज कर रखे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य जगहों पर पहले से सृजित चीजों को देखते हैं परंतु यहां छात्रों द्वारा खुद सृजन किया जा रहा है जिसे देखना अद्भुत है। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों को जल्दी ही रायपुर कार्यक्रम में आमंत्रित करने की बात कही। कौशल्या साय के आकस्मिक रूप से संगीत नगरी आगमन से विश्विद्यालय के अध्यापक और छात्र बहुत उत्साहित थे।

## पहला कॉलम...

### ढारा में अभाविप की बैठक संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंगरगढ़ की बैठक ग्राम ढारा में संपन्न हुई। अभाविप डोंगरगढ़ के द्वारा संचालित होने वाली ग्राम ढारा में संपर्क प्रमुख कार्यकर्ता लक्कुश साहू व सेजल वैष्णव ने बताया कि ढारा के कुछ विद्यार्थी परिषद के क्रियाकलाप से प्रभावित होकर अनेक छात्र एबीवीपी के संपर्क में आए।

बैठक में मुख्य अतिथि शुभम महोबिया नगर मंत्री इकाई डोंगरगढ़, प्रियंका यादव उपस्थित थी। महोबिया ने अभाविप के प्रत्येक आयाम को बताते हुए अभाविप को चरित्र निर्माण व विद्यार्थी विकास का केंद्र बताया और शिक्षा व व्यक्तिगत बातों से बैठक का समापन किया। बैठक में अर्चना जंहेल, गौरी महोबिया, देवेंद्र कुमार, इन्द्रेश कुमार, राहुल साहू, जिनेन्द्र वर्मा, रामेश्वर कुमार, नसीब वर्मा, केश्वरी वर्मा मौजूद थे।

### भाजपा संगठन की ओर से रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा के तहत शहर मंडल एवं डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला डोंगरगढ़ में किया गया। जिसमें शहर एवं ग्रामीण मंडल से 74 लोगों ने रक्तदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर रक्तदान किया। राजनांदगांव ब्लड बैंक के द्वारा रक्त संग्रह किया गया।

इस महारक्तदान शिविर में मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, शहर संयोजक अमित छाबड़ा, ग्रामीण संयोजक राघवेन्द्र वर्मा, महामंत्री राकेश अग्रवाल, सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हनी गुप्ता, राजनांदगांव से फनेंद्र जैन, जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना, प्रकाश चौरड़िया, सुनील जैन, महेंद्र भाई पटेल महेंद्र अग्रवाल, डॉ. पन्नालाल बाफना, मधुसुदन अग्रवाल, द्वारका प्रसाद शर्मा, डी एकेश राव, हरीश मोटघरे, अनिता इंदुरकर, विनीत यादव, नागेंद्र परिहार, सत्यप्रकाश मिश्रा, संतोष राव, रमन डोंगरे, विनय बंसल परविंदर सिंह मोंटी, सुमित ताम्रकार, ज्योति बड़वाइक, शारदा अग्रवाल पूजा उजवने, छबील साहू कचरू साहू, उपकार साहू, रेखराम वर्मा, हेमलाल साहू, मुरली गेडाम, प्रकाश अग्रवाल, झूलेंद्र वर्मा, जागेश्वर साहू, सुमित मिश्रा, दुर्गेश साहू, अमित बोस, जयंत साहू, आवेश निगम, जय प्रकाश साहू, रत्न कोसे, विरेंद्र साहू, प्रिंस कक्कड़, ललित शर्मा, विक्रांत सिंह, डिंपी महापात्रो, अभिषेक साहू एवं अन्य श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 40वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु.बल एवं नगर पालिका ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया



डोंगरगढ़(दावा)। भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 14 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक आयोजित किये जा रहे स्वच्छ भारत अभियान में स्वच्छता की भागीदारी स्वच्छता ही सेवा थीम के अंतर्गत आईटीबीपी सामरिक मुख्यालय 40वीं वाहिनी एवं नगरपालिका डोंगरगढ़ द्वारा माँ बम्लेश्वरी मंदिर परिसर की पार्किंग में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई अभियान का आयोजन किया। जिसमें आईटीबीपी के सभी पदाधिकारी एवं नगरपालिका कर्मियों ने श्रमदान किया।

अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु.बल के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेंट और चन्द्रकांत शर्मा सी.एम.ओ., नगरपालिका के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान जवानों एवं नगरपालिका कर्मियों ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर पार्किंग में साफ-सफाई की तथा कचरे को एकत्रित कर निपटान किया। जिससे लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सकें। साथ ही पार्किंग के पास स्थित दुकानदारों एवं दर्शनार्थियों अपने आस-पास स्वच्छता बनाये रखने की प्रेरित किया। इस स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता की भागीदारी के तहत स्वच्छता ही सेवा एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य हर भारतीय स्वच्छता के लिए काम और देश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्थानीय लोगों को इसके लिए जागरूक करना है।

## नवाज गुट के दो कद्दावर युवा नेता के बीच समझौता नहीं होने से कांग्रेस संगठन होगा कमजोर

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की ओर से पत्र जारी कर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू को जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष संदीप गहरवार को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्राप्त आदेश के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया की,जिला युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस दे दिया गया है।जवाब आने के बाद आगे की कार्यवाही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा की जायेगी।





**जिला कांग्रेस कमेटी की रिपोर्ट पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने संदीप गहरवार को कारण बताओं नोटिस भेजा**
**० मामला- विसर्जन झांकी के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष व जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष के मध्य हुई झड़प का**

ज्ञात होवे कि 18 सितम्बर की गणेश विसर्जन झाँकी के दौरान कांग्रेस के द्वारा झाँकियों को पुरस्कृत करने के लिए मंच लगाया गया था। मंच पर बैनर पोस्टर लगाए गए थे। जिसमें जिला युथ कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप गहरवार का फोटो नहीं लगाया गया था। जिसको लेकर श्री गहरवार ने अपने साथियों के साथ पंडाल में आकर अपनी नाराजगी जाहिर की। तो शहर अध्यक्ष विजय राज एवं संदीप गहरवार के मध्य विवाद बढ़ गया। जो धक्का मुक्की में परिवर्तित हो गया। इस बीच मंच में उपस्थित पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित वरिष्ठ नेतागण, मंच में दो युवा नेताओ के मध्य हो रहे झंझट से किनारा करते नजर आए। ऐसे में दोनों नेता अपने आप को अकेला पाकर पुलिस की शरण में जाने मजबूर हुए।

### 0 संगठन की गतिविधियों पर पड़ेगा असर

आपस में एक दूसरे से उलझ गए युवा नेताओं का नेतृत्व कांग्रेस नेता नवाज खान करते आ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में गुटबाजी खुल कर नजर आएगी। एक पक्ष दूसरे पक्ष के कार्यक्रम में विघ्न डालने का भरपूर प्रयास करेगा। जैसा विगत अनेक वर्षो से भाजपा में भी देखने को मिल रहा है।

## बेटे के हाथ में चाकू से वार करने वाला पिता गिरफ्तार

डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 22 अगस्त को आरोपी भोजराज सिंह राजपूत पिता संघा सिंह राजपूत उम्र 55 साल निवासी भगत सिंह वार्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा शराब के नशे में अपने घर आकर अपनी पत्नि एवं बहू को माँ-बहन की गंदी-गदी गालौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसे उसका बेटा हर्षराज सिंह द्वारा मना किया तो अपने बेटे को गंदी-गंदी गाली देते हुये किचन में रखे चाकू एवं सत्तू से वार कर दिया जिससे हर्षराज सिंह के बांये हाथ कोहनी पर चोंट लगा था एवं हर्षराज सिंह के पत्नि द्वारा बीच-बचाव करने आई तो उसे भी चाकु से हाथ में चोंट लगा था जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। जो प्रकरण के आरोपी भोजराज सिंह को धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आज




**25, 27 आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस के अन्य धाराओं से की गई कार्यवाही**

दिनांक 26 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस प्रकार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## व्यस्त कार्यक्रम के बीच जोरातराई पहुंचे रामजी भारती, पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की

**प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा का दिलाया भरोसा**



राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतर्गत आने वाले मनगटा-जोरातराई में आकाशीय बिजली गिरने से स्कूली छात्रों सहित 8 लोगों की आकस्मिक मौत होने से आहत हुए क्षेत्र के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर क्षेत्रवासियों की ओर से संवेदना व्यक्त की।

ज्ञात होवे कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर श्री भारती 23 सितंबर को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा ली जाने वाली बैठक में शामिल होने महाराष्ट्र के औरंगाबाद रवाना हुए थे। 24 सितंबर को श्री भारती मराठवाड़ा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा ली जाने वाली बैठक में शामिल हुए। महाराष्ट्र चुनाव के मद्देनजर मराठवाड़ा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा ली गई। बैठक में शामिल होकर श्री भारती 25 सितंबर को देर शाम डोंगरगढ़ पहुंचे। 25 सितंबर को डोंगरगढ़ क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में श्री भारती शामिल हुए।

अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच श्री भारती 26 सितंबर को मनगटा-जोरातराई पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले। उन्हें सांत्वना दी एवं भरोसा दिलाया कि प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद की जाएगी। पीड़ित परिवार से मुलाकात के पश्चात श्री भारती देर शाम राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा रायपुर में ले जाने वाली बैठक में शामिल हुए। 27 सितंबर को प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन द्वारा रायपुर में सदस्यता अभियान को लेकर ली जाने वाली समीक्षा बैठक में श्री भारती शामिल हुए। पीड़ित परिवार से मिलने जोरातराई पहुंचे श्री भारती के साथ क्षेत्र के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सहकारिता नेता शशिकांत द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र परिषद का शुभारंभ



डोंगरगांव (दावा)। नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग में परिषद का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र के प्रारंभ में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम ने अपने उद्बोधन में विज्ञान का रोचक तरीके से अध्ययन अध्यापन कराने पर जोर दिया. कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र परिषद के अध्यक्ष प्रतिक्षाए उपाध्यक्ष अरूणा खरे, सचिव पल्लवी, उपसचिव जागृति व सभी कार्यकारिणी सदस्यों की भागीदारी का बहुत ही सराहनीय कदम बताया. कार्यक्रम डॉ.ए.के.धमगाये, डॉ.आशाराम साहू, शिवनाथ देवांगन, चंचल स्टेला कुजूर व मन्नुलाल नायक ने भी अपने उद्बोधन से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया. अध्यक्ष ने परिषद के अंतर्गत किए जाने वाले विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी. स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों में अपनी प्रस्तुतीकरण दी. विभागाध्यक्ष रेणुका ठाकुर, अध्यापक चिमन वर्मा, अतिथि सहायक प्राध्यापक जॉनसन प्रसाद चौधरी के मार्ग निर्देशन में छात्रा ललेश्वरी ने सूक्ष्मदर्शी, नीलम साहू ने हिमोग्लोबिन व पोषक तत्व, कामिनी ने नाइट्रोजन चक्र, और खुशी ने डी.एन.ए. पर रोचक जानकारी प्रस्तुत किया. परिषद के सदस्य पल्लवी, हेमलता, धनेश्वरी, कुमुदनी, तेजस्वनी, लुसीना, रीति, गुलशन, डुकेश्वर, लैला और अंजली ने मॉडल के माध्यम से महत्वपूर्ण विषयों जैसे मस्तिष्क, प्रकाश संश्लेषण, जल चक्र, मानव डेंटिशन, तंत्रिका तंत्र, ओजोन क्षरण आदि पर प्रस्तुति दिया. रवि ने संगीत प्रस्तुत किया और कार्यकम का संचालन चंद्रशेखर ने किया. परिषद के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा.

## एनएसएस ईकाई के वॉलंटियर्स राष्ट्र निर्माण के नायक - प्राचार्य

**शा. नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह संपन्न**





डोंगरगढ(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई. व्ही रेवती के मार्गदर्शन में एवं एनएसएस महिला अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी, पुरुष ईकाई अधिकारी हेमूराम पद्मे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर एवं एनएसएस का लक्ष्य गीत का गान करते हुए किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य, राजनीतिक विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जामबुलकर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी, वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक अविनाश टेंभुकर, रमन साहू, राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उद्बोधन में एनएसएस ईकाई के वॉलंटियर्स को राष्ट्र निर्माण के नायक कहा एव शिक्षा द्वारा समाज सेवा, समाज सेवा द्वारा शिक्षा के उददेश से संबंधित जानकारी से एनएसएस वॉलंटियर्स को प्रेरित किया। डॉ. आशा चौधरी द्वारा उद्बोधन में एनएसएस को साधनों के अभाव में भी कैसे आगे बढ़ते है और व्यक्तित्व विकास करते है इसकी जानकारी दी। डॉ. प्रदीप जामबुल्कर एवं डॉ. आर.आर. कोचे ने एनएसएस को एक अच्छा प्लेटफार्म बताते हुए कहा कि ये एनएसएस एक ऐसा मंच है जिसमें नही बोल सकने वाला स्टूडेंट एक कैंप के बाद अपनी बात को बढ़ी ही नम्रता एवं नैतिकता के साथ रखने लगता है। एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमति नीलम चतुर्वेदनी ने एनएसएस द्वारा स्टूडेंट्स को उत्तरदायित्व देकर आत्मविश्वास का निर्माण एवं आत्मविश्वास से निर्णय लेने की क्षमताओं का विकास होता है। एनएसएस पुरुष ईकाई अधिकारी हेमू राम पद्मे ने एनएसएस बैच के बारे में बताया, एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा ने अपने कॉलेज के टाइम का अनुभव सांझा किए। अविनाश टेंभुरकर ने एनएसएस को समाज सेवा का उत्तम माध्यम बताया। उद्बोधन पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दलनायिका द्रोणिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, एनएसएस के सभी ग्रुप लीडर अनंत सिन्हा, प्रिंस गुप्ता, नवीन गोस्वामी, सुभाष, धनिता, आकांक्षा राजपूत खोमेश्वरी, ग्रेसी मांडवी, कपिल, अंजली एवं सभी वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

## साल्हे में विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 1 को





डोंगरगांव (दावा)। नगर के युवा रक्तवीर सेवार्थ समिति व्दारा रक्तवीर स्व.ओमकार पटेल एवम स्व.मिथलेश पटेल की स्मृति में 1 अक्टूबर को साहू भवन ग्राम घुघवा साल्हे में प्रात: 11 बजे से संध्या 5 बजे तक विशाल रक्तदान एवं निऱ्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया है. उक्ताशय की जानकारी देते हुए समिति के संयोजक गुलशन पटेल ने क्षेत्र के समस्त युवाओं को रक्तदान करने का आव्हान किया है ताकि यह कार्यक्रम सफ ल हो एवम जरूरत मंद की सहायता होता रहे. वहीं निशुल्क नेत्र परीक्षण सी एफ शोर संस्था राजनांदगांव द्वारा आयोजित है. एवम रक्तदान जागरूकता हेतु नुक्कड़ की प्रस्तुति रीड यूथ फ उंडेशन द्वारा किया जाएगा. बता दें कि स्व.ओमकार व स्व.मिथलेश युवा रक्तवीर सेवार्थ समिति के सक्रिय सदस्य रहे हैं और वे प्रत्येक 3 माह में अनजान मरीजों के लिए रक्तदान करते थे. उन्हीं की याद में यह आयोजन रखा गया है जिसका पंजीयन जारी है.

**रक्तवीर स्व.ओमकार व मिथलेश पटेल की स्मृति में आयोजन**

# पहला कॉलम...

## एयर पॉल्यूशन पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, सीएक्यूएम को लगाई फटकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख दिखाया है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट यानी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने पर रोक लगाने में कथित रूप से कोशिशे न करने को लेकर फटकार लगाई। बता दें कि सर्दियों के मौसम में हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में पराली जलने से दिल्ली के एयर पॉल्यूशन में अच्छा-खासा इजाफा होता है। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सीएक्यूएम एक्ट के प्रावधानों को लागू करने में आयोग की क्षमता पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से यह बताने के लिए कहा है कि उसने पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए हैं। जस्टिस ओका ने कहा कि कानून का बिल्कुल भी पालन नहीं हो रहा है। कृपया हमें एक भी ऐसा दिशानिर्देश बताएं जो सीएक्यूएम कानून के तहत आपकी ओर से किसी भी स्टेकहोल्डर को जारी किया गया हो। मामले में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने एक एफिडेविट पढ़ते हुए बताया कि इस समस्या को मैनेज करने के लिए एडवायजरी और गाइडलाइंस जारी करने जैसे कई कदम उठाए गए हैं। लेकिन, अदालत इनसे संतुष्ट नहीं हुई। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस ओका ने कहा कि सब कुछ हवा में है। एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) राज्यों में इसे लेकर क्या किया गया है, इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं बताया है।

## शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी लाल निशान पर हुए बंद शेयर बाजार

नई दिल्ली। शेयर बाजार में पूरे हफ्ते हरियाली छाई रही, पर हफ्ते का आखिरी कारोबारी दिन इसे रास नहीं आया। शुक्रवार को 30 शेयरों का बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स 264.27 (-0.30त्न) अंकों की गिरावट के साथ 85,571.85 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37.10 अंक टूटकर 26,178.95 के स्तर पर पहुंच गया। पावर ग्रिड के शेयरों में तीन प्रतिशत जबकि एयरटेल के शेयरों दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी, पावर ग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों का गिरावट में सबसे ज्यादा योगदान रहा। दूसरी ओर, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन और एचसीएल टेक के शेयर बढ़त बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी कंपनियों के शेयर जिनकी प्रमुख क्षेत्रों में दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी है, और जो अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा अमेरिकी ग्राहकों से हासिल करते हैं, शुक्रवार को 1.4त्न की बढ़त के साथ बंद हुए।

## कानपुर टेस्ट मैच के दौरान बांग्लादेशी फैन की हुई खूब 'कुटाई'

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही 2 टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा मैच कानपुर में खेला जा रहा है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया पहले गेंदबाजी कर रही है। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश को औसत शुरुआत मिली। हालांकि इस दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। कानपुर में खेले जा रहे दूसरे मैच के दौरान एक बांग्लादेशी फैन की खूब पिटाई हुई है। ऐसा बांग्लादेशी फैन ने दावा किया है। इस घटना की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि इस मामले की सच्चाई क्या है आइए जानते हैं। कानपुर टेस्ट मैच के दौरान बांग्लादेशी फैन की पिटाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि फैन कुर्सी पर बैठा हुआ है। इस दौरान इसकी हालत गंभीर नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर दावा किया गया है कि कुछ भारतीय फैंस ने मिलकर इसकी खूब पिटाई की है। इस दौरान उसकी हालत भी पस्त हो गई है। चोटिल हुए इस बांग्लादेशी फैन को अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। तस्वीर में फैन की कुछ स्पोर्ट स्टाफ मदद भी कर रहे हैं।

## सोना-चांदी की कीमत बढ़ी

नई दिल्ली। सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी भरा रहा है। पिछले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली लेकिन सप्ताह के शुरुआत के साथ सोने-चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं। जहां 10 ग्राम 22 कैरेट का सोना 65 हजार के आसपास था, पिछले कुछ दिनों में कीमत बढ़ने के साथ-साथ 22 कैरेट सोने का रेट 70 हजार के पार हो गया है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 77 हजार रुपये से ज्यादा का हो गया है। जबकि, प्रति किलोग्राम चांदी की कीमत 95000 रुपये से ज्यादा हो गई है। आज यानी 27 सितंबर शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमत बढ़ चुकी है। 22 कैरेट सोने की कीमत 70,600 रुपये की जगह 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत 77,020 रुपये

# बारिश ने बिगाड़ा पहले दिन का खेल, बांग्लादेश 107/3, आकाश दीप ने झटके दो विकेट

नई दिल्ली। कल रात हुई बारिश के कारण मैदान गीला होने से सुबह के सत्र का खेल कुछ देरी के साथ शुरू हुआ। हालांकि, पहले सत्र में बारिश तो नहीं हुई लेकिन बांग्लादेश की टीम ने इस सत्र में दो विकेट गंवाए। दूसरा सत्र भी थोड़ी देरी से शुरू हुआ, इस बीच ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर तीसरा विकेट निकाला। लेकिन इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई और पूरे मैदान को कवर से ढक दिया गया।



मैच अधिकारियों ने बारिश न रूकने के संभावना को देखते हुए दिन का खेल समाप्त करने का फैसला किया। मैच के दूसरे दिन शनिवार को खेल आधा घंटा पहले शुरू होगा।

सुबह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पिछले मैच में दो विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारत को पहली सफलता 9वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने जाकिर हसन को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा दिया। जाकिर हसन ने 24 गेंदों का सामना किया लेकिन खाता नहीं खोल पाए। आकाश दीप ने शादमान इस्लाम को एलबीडब्ल्यू कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। शादमान ने 36 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। दो विकेट 29 रन पर गिर जाने के बाद मोमिनुल हक और कप्तान शांतो ने तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया।

लंच के बाद अश्विन ने नजमुल शांतो को एलबीडब्ल्यू कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत की तरफ से आकाश दीप ने 34 रन पर 2 विकेट और अश्विन ने 22 रन पर 1 विकेट लिया।

# अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के महान गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को पछाड़ा

नई दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन ने कानपुर टेस्ट के पहले ही दिन बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो को आउट करने के साथ ही कीर्तिमान रच दिया है। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के महान गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को पछाड़ दिया है।



कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहला सेशन बांग्लादेश के हक में ज्यादा रहा। भारतीय टीम बांग्लादेश के 2 ही बल्लेबाजों को पहले सेशन में आउट कर सकी। दोनों ही विकेट आकाश दीप के खाते में गए। लंच ब्रेक तक बांग्लादेश ने 2 विकेट खोकर 74 रन स्कोर बोर्ड पर लगा दिए थे।

लंच ब्रेक में बारिश की वजह से थोड़ी देर हुई लेकिन थोड़े इंतजार के बाद मैच एक बार फिर से शुरू हो गया। दूसरे सेशन के आगाज के साथ ही भारतीय कप्तान ने आर अश्विन को गेंद थमाई और इसका नतीजा तुरंत ही देखने को मिला। लंच के बाद अपना दूसरा ओवर फेंकते हुए अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो को 31 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इस तरह स्पिनर आर अश्विन ने नया इतिहास रच दिया। नजमुल को आउट करते ही आर अश्विन एशिया में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

# भूस्खलन के कारण ढह गई सोने की खदान, 15 की मौत, सात लापता



नई दिल्ली। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण एक अवैध सोने की खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

बचावकर्मी सात लापता लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इंडोनेशिया में अवैध खनन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनता रहा है। यहां खनिज संसाधन दूरदराज इलाकों में स्थित है।

प्रांतीय आपदा एजेंसी के प्रमुख इर्वान इफेंदी ने कहा, ÷गुरुवार की शाम को सोलोक जिले में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण अवैध सोने की खदान ढह गई। बचाव कर्मियों को घटनास्थल पर पहुंचने में आठ घंटे लग गए, क्योंकि सड़क मार्ग से यहां पहुंचना मुश्किल था।÷ उन्होंने आगे बताया कि पीड़ित स्थानीय निवासी हैं, जो हाथों से ही नन करते हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा कि खदान ढहने के समय वहां 25 लोग मौजूद थे, जिनमें से 15 की मौत हो गई। खदान ढहने से तीन घायल भी हुए और सात लापता हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस और सैन्य कर्मियों ने अभियान चलाया

# इजरायली मिसाइल के हमले में महिलाओं और बच्चों समेत 11 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) । इजरायली सेना ने गाजा के उत्तरी क्षेत्र पर फिर बड़ा हमला किया है। इस बार उत्तरी गाजा स्थित एक स्कूल पर इजरायल ने मिसाइल दागी है। इस हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 व्यक्ति घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस हमले के हताहतों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उत्तरी गाजा स्थित इस स्कूल में हजारों विस्थापित फिलस्तीनियों ने शरण ली हुई है।

इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने जबालिया शरणार्थी शिविर के स्कूल में मौजूद हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए वहां हमला किया। उसने कहा कि आतंकवादी इजराइली सैनिकों पर हमला करने की योजना बना रहे थे। इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने तत्काल यह नहीं बताया कि हताहतों में कितनी महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इजराइली सेना ने बार-बार स्कूलों पर हमला किए हैं और इसके पीछे उसने दावा किया है कि हमास के लड़ाके हम पर हमले की योजना बनाने के लिए स्कूलों को 'कमांड सेंटर' के रूप में इस्तेमाल करते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि इजरायली हमलों में काफी संख्या में लोगों की मौत हुई है।

# Cyclone हेलेन आ रहा मचाने तबाही

नई दिल्ली। शांत महासागर में उठा एक और चक्रवाती तूफान हेलेन ऊंची-ऊंची लहरों के साथ धरती की तरफ बढ़ रहा है। नेशनल हरिकेन सेंटर ने तूफान के रौद्र रूप को देखते हुए अमेरिका के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी हहृ के अलर्ट को देखते हुए फ्लोरिडा, जॉर्जिया नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना और वर्जीनिया में आपातकाल की घोषणा कर दी है। चेतावनी है कि आज तूफान कैटेगरी 4 का तूफान बनकर फ्लोरिडा के उत्तर पश्चिमी तट से टकराएगा। इसके चलते इलाके में 130 मील प्रति घंटे (209 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

वहीं भारी बारिश के चलते बाढ़ आने का खतरा भी है। तेज हवाएं घरों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा सकती हैं। पेड़ों को उखाड़कर कहीं फेंक सकती हैं। बिजली लाइनें प्रभावित हो सकती हैं। फ्लोरिडा के मेयर ने लोगों को आगाह कर दिया है। रविवार तक स्कूल बंद रखने की घोषणा कर दी है। अनुमान है कि अमेरिका पहुंचने से पहले तूफान क्यूबा और केमैन में तबाही मचा सकता है। हेलेन तूफान का आकार काफी असामान्य है। यह करीब 275 मील एरिया में फैला हुआ है। इसलिए इतने ही एरिया में तबाही मचाने की क्षमता भी रखता है। हेलेन का ही असर है कि फ्लोरिडा में पहले ही बिजली ठप हो गई। 8 फीट ऊंची लहरें समुद्र में उठ रही हैं। नेशनल हरिकेन सेंटर के अलर्ट को देखते हुए राष्ट्रपति बाइडेन ने फ्लोरिडा और टैम्पा बे में आपातकाल की घोषणा कर दी है। लोगों को जान और माल की सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियां बरतने और प्रोटोकॉल फॉलो करने की सलाह दी है। समुद्र तटीय शहरों में 8 फीट ऊंची लहरें देखी जा रही हैं। कई इलाकों में लहरें 20 फीट ऊंची हो सकती हैं।

# पीएम मोदी से मिले टाटा संस और ताइवान के पीएसएमसी के शीर्ष अधिकारी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा संस और ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन (पीएसएमसी) के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने पीएम को गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रही मेगा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन फैक्ट्री की प्रगति के बारे में जानकारी दी।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने बताया कि उनकी टाटा संस और पीएसएमसी की नेतृत्व टीम के साथ एक शानदार बैठक हुई।पीएम मोदी ने कहा कि अधिकारियों ने अपनी सेमीकंडक्टर विनिर्माण परियोजना पर अपडेट शेयर किए। पीएसएमसी ने भारत में अपने विस्तार को लेकर उत्साह व्यक्त किया।



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैब के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पीएसएमसी के बीच एक विस्तृत प्रौद्योगिकी करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन सहित नेतृत्व टीम से मिलने के बाद मंत्री ने कहा, समग्र सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम आकार ले रहा है। पीएम मोदी ने मार्च में गुजरात में टाटा-पीएसएमसी चिप प्लांट की आधारशिला रखी थी। फैब निर्माण से क्षेत्र में 20 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कुशल नौकरियां पैदा होंगी। इस फैब की विनिर्माण क्षमता प्रति माह 50 हजार वेफर्स तक होगी और इसमें उद्योग में सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री दक्षता प्राप्त करने के लिए डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग को तैनात करने वाली अगली पीढ़ी की फैक्ट्री ऑटोमेशन क्षमताएं शामिल होंगी। कंपनियों के अनुसार, नया सेमीकंडक्टर फैब पावर मैनेजमेंट आईसी, डिस्प्ले ड्राइवर, माइक्रोकंट्रोलर (एमसीयू) और हाई-परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग लॉजिक जैसे एप्लिकेशन के लिए चिप्स का निर्माण करेगा, जो ऑटोमोटिव, कंप्यूटिंग और डेटा स्टोरेज, वायरलेस संचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे बाजारों में बढ़ती मांग पूरी करेगी।

# भारत-ओमान की सेनाओं ने सैन्य अभ्यास में दिखा तालमेल

नई दिल्ली। समापन समारोह से पहले भारतीय सेना और ओमान की रॉयल आर्मी की टुकड़ियों द्वारा एक भव्य संयुक्त लाइव-फायर प्रदर्शन किया गया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए दोनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और अंतर-संचालन क्षमता का प्रदर्शन किया गया।



भारत-ओमान के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह के 5वां संस्करण का 26 सितंबर 2024 को समापन हो गया। ओमान के रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित समापन समारोह में ओमान में भारतीय राजदूत अमित नारंग और ओमान में भारतीय रक्षा अताशे कैप्टन हरीश श्रीनिवासन उपस्थित थे। ओमान की ओर से इस समापन समारोह में ओमान की रॉयल आर्मी की 11वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्दुलकादिम बिन इब्राहिम अल-अजमी और फ्रंटियर फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मसूद मुबारक अल-गफरी शामिल हुए।

समापन समारोह से पहले भारतीय सेना और ओमान की रॉयल आर्मी की टुकड़ियों द्वारा एक भव्य संयुक्त लाइव-फायर प्रदर्शन किया गया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए दोनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और अंतर-संचालन क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में दोनों सेनाओं के करीब 60 सैनिकों ने भाग लिया। दो सप्ताह तक चले द्विपक्षीय अभ्यास का समापन हो गया। प्रदर्शन में भारतीय और ओमानी बख्तरबंद वाहनों में सवार सैनिकों की संयुक्त सेना द्वारा रेगिस्तानी इलाके में एक गांव को अलग-थलग करने और खाली कराने का अभ्यास किया गया। जिसके बाद घरों को खाली कराने और बंधकों को छुड़ाने का अभ्यास भी किया गया।

***रेवाड़ी में अमित शाह बोले...***

जिसने सेनाध्यक्ष को गुंडा कहने का दुस्साहस किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नाम केवल गुमराह करना आता है। आज कांग्रेस गुमराह कर रही है कि अग्निवीरों को छोड़ दिया जाता है। मैं वादा करके जाता हूं कि किसी भी अग्निवीर को पेंशन से वंचित नहीं करेंगे। हरियाणा का एक भी अग्निवीर पेंशन वाली सरकारी नौकरी के बिना नहीं रहेगा। भारत सरकार और हरियाणा सरकार मिलकर जितने भी अग्निवीर आएंगे, वो सब पक्की पेंशन वाली सरकारी नौकरी देंगे। उन्होंने हरियाणा के वीर सपूतों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि हरियाणा की भूमि शक्ति और समृद्धि की भूमि है। हम गुजरात से आते हैं, लेकिन गुजरात में हरियाणा और पंजाब की भूमि को बड़ी सम्मान से देखा जाता है। हरियाणा की ये भूमि है, जिनकी मांओं ने हर दसवां जवान में अपना बेटा भेजा है। हमारी देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, जम्मू कश्मीर सुरक्षित हैं, जिनमें हरियाणा की वीरता, शौर्य और बलिदान से है। 0 अमित शाह रेवाड़ी पहुंचे - गृह मंत्री दोपहर 1:03 बजे रेवाड़ी रैली के मंच पर पहुंचे। उनके साथ सांसद राव इंद्रजीत सिंह समेत तमाम वरिष्ठ नेता भी नजर आए। रैली स्थल भारत माता जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान है। राव इंद्रजीत सिंह रैली को संबोधित करने जा रहे हैं। हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज हरियाणा के रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अंबाला के मुलाना में रैली करने के बाद कुरुक्षेत्र के लाडवा की जनता को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी भी आज 28 सितंबर को हिसार आकर विशाल रैली को संबोधित करेंगे।

0 रेवाड़ी के लिए बीजेपी के कुछ बड़े संकल्प - रेवाड़ी में देश की सबसे बड़ी सरसों तेल सहकारी मिल स्थापित करेंगे। सैन्य संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। रेवाड़ी में नया मेडिकल कॉलेज भी खोला जाएगा। खिलाड़ियों के लिए ओलंपिक खेल नर्सरी स्थापित की जाएगी। सिविल अस्पताल में बेडों की संख्या बढ़ाकर अपग्रेड किया जाएगा।

***केजरीवाल ने भागवत से कहा...***

और आरएसएस के कार्यकर्ताओं को अब भी टिकट नहीं मिलते। उनका काम अब केवल कालीन बिछाने तक रह गया है। वे एनसीपी और कांग्रेस के नेताओं के लिए कालीन बिछाते हैं, जो बीजेपी में शामिल हो जाते हैं। बता दें कि केजरीवाल ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया, कुछ दिन पहले उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के कथित दिल्ली शराब घोटाले के मामले में जमानत मिली है। अतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी की मुख्यमंत्री के रूप में केजरीवाल की जगह ली है।

***सदनों में सहमति-असहमति पर मर्यादित बहस ...***

उन्होंने विचार व्यक्त किया कि इन संस्थानों में डिजिटल तकनीक का प्रयोग विधायी प्रक्रिया में जन भागीदारी को ब?ता है, शोध और नवान्वेषण को ब?ता है और संसदीय समिति प्रणाली को और मजबूत करता है जिससे विधायिका जन कल्याण का सर्वोत्तम माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि विधायकों को प्रशिक्षित किया जाए, सदन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढे और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। पूर्वोत्तर क्षेत्र की विधान सभाओं द्वारा पारित कई जनकल्याणकारी कानूनों के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि इन संस्थाओं ने स्थानीय विषयों पर टेक्नॉलजी का प्रयोग करके सदनों को जनोन्मुखी बनाया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में आए आमूलचूल परिवर्तन और विकास के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में भौतिक, डिजिटल और सोशल कनेक्टिविटी ब?ाने पर किए गए कार्यों ने इस क्षेत्र को एक सीमांत क्षेत्र से प्रथम क्षेत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प को पूरा करने में पूर्वोत्तर भारत की बड़ी भूमिका है और इस

## प्रथम पेज का शेष

लक्ष्य की प्राप्ति में पूर्वोत्तर क्षेत्र की विधायिकाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर श्री बिरला ने मिजोरम विधानसभा पुस्तकालय के अभिलेख अनुभाग का उद्घाटन भी किया।

***'लालू परिवार ने रेलवे में नौकरियों ...***

और जमीन के बदले नौकरी योजना के बीच संबंध को अस्पष्ट करती थीं। एके इंफोसिस्टम्स के स्वामी और सह-अभियुक्त अमित कात्याल ने कीमतीं जमीनें मामूली कीमत पर राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को बेंचीं। ईडी ने आरोप लगाया कि प्रसाद के सहयोगी भोला यादव ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई। उसने यादव परिवार की संपत्ति के पास के भूस्वामियों को रेलवे में नौकरी के बदले में अपनी संपत्ति बेचने के लिए राजी करने की बात स्वीकार की है। इन सौदों से प्रसाद के परिवार को लाभ पहुंचाया गया। इसमें राबड़ी देवी के निजी कर्मचारियों हृदयानंद चौधरी और लल्लन चौधरी जैसे मध्यस्थों के जरिये जमीनों को हस्तांतरित किया गया। ईडी ने कहा कि कई विचाराधीन संपत्तियों को अक्सर दूर के रिश्तेदारों से उपहार में प्राप्त किया गया। लालू प्रसाद और उनके परिवार ने व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए अपने प्रभाव और आधिकारिक पदों का इस्तेमाल किया। सरकारी नौकरियों के बदले भूमि के अवैध हस्तांतरण से जुड़ा घोटाला जनता के विश्वास का उल्लंघन और सत्ता का दुरुपयोग है। न्यायाधीश ने आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद उन्हें तलब किया है। ईडी ने छह अगस्त को अदालत के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। एजेंसी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग कस मामला दर्ज किया था।

क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला- लालू प्रसाद यूपीए की पहली सरकार में रेल मंत्री थी, तब रेलवे के ग्रुप डी में भर्तियां की गईं। आरोप है कि बिना विज्ञापन दिए भर्तियां की गईं। कई लोगों को आवेदन देने के तीन दिन के भीतर ही नौकरी दे दी गई। नौकरियों के बदले अभ्यर्थियों से घूस के रूप में जमीन ली गई। ईडी ने कहा है कि लालू परिवार को 7 जगहों पर जमीनें मिलीं हैं।

***सीएम साय के काफिले में चल रही...***

हादसे के बाद सीएम विष्णु देव साय का काफिला जिला अस्पताल के पास नहीं रुका काफिला सीधे प्रथम बटालियन के लिए रवाना हो गया। हादसे की वजह थोड़ी देर के लिए जिला अस्पताल दुर्ग के बाहर भीड़ जमा हो गई। पुलिस प्रशासन ने तत्काल सीएम के काफिले को आगे के लिए रवाना कर दिया। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुर्ग जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जहां सीएम ने दुर्ग मठपारा में जिले को 22 करोड़ 97 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी। विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और दुर्ग सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए।

***भारत बनेगा यूएनएससी का स्थाई मेंबर...***

अधिकार मिल जाएगा। इससे भारत को अंतर्राष्ट्रीय विवादों और नीतिगत निर्णयों में ज्यादा असरदार भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। इससे दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। भारत यूएन काउंसिल में खुद अपनी और दूसरे विकासशील देशों की आवाज को मजबूती उठा सकेगा। 0 विकासशील देशों की आवाज को मिलेगा मंच - भारत हमेशा से विकासशील देशों के हितों का समर्थन करता रहा है। यदि भारत यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनता है, तो यह विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक मंच पर और भी मजबूत करेगा। इससे वैश्विक मुद्दों पर इन देशों की समस्याओं और विचारों को ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। यूएनएससी स्थायी सदस्यता मिलने से भारत की आर्थिक और कूटनीतिक ताकत बढ़ेगी। 0 बड़ी ताकतों का मिलेगा साथ, बढ़ेगा दबदबा- यूएनएससी की स्थायी सदस्यता से भारत का वैश्विक दबदबा बढ़ेगा। भारत को दुनिया की बड़ी ताकतों के साथ बैठने का मौका मिलेगा। भारत अपनी आर्थिक नीतियों को वैश्विक स्तर पर बेहतर ढंग से लागू कर सकेगा। भारत को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों में ज्यादा भूमिका निभाने का मौका मिलेगा भारत आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा और अन्य वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार और समाधान दुनिया के सामने रख सकेगा।

0 कैसे कोई देश बना है यूएनएससी का परमानेंट मेंबर- किसी भी देश को यूएनएससी की परमानेंट सदस्यता हासिल करने के लिए कई मानदंड पूरे करने होते हैं। सबसे पहले तो इसके लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन करने की जरूरत होती है। यूएनजीए में 2/3 बहुमत और यूएनएससी के स्थायी सदस्यों समेत 9 सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है। यूएनएससी की स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए किसी देश को वैश्विक शक्ति का दर्जा प्राप्त होना चाहिए। इसका मतलब है कि उस देश की इकोनॉमी, मिलिट्री पावर, राजनीतिक प्रभाव और संयुक्त राष्ट्र में अहम योगदान होना चाहिए।

0 परमानेंट मेंबर बनने पर भारत को मिलेगा वीटो पावर- भारत अगर यूएनएससी का परमानेंट सदस्य बनता है तो इसे भी वीटो पावर मिलेगा। इस पावर का जिसका उपयोग किसी भी प्रस्ताव को मंजूर या नामंजूर करने के लिए किया जा सकता है। यही वजह है कि किसी भी नए देश को वीटो पावर हासिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन की जरूरत पड़ती है। यूएनएससी में किसी भी देश को परमानेंट मेंबर बनाने के लिए दूसरे देशों, खासकर पी5 देशों का समर्थन जरूरी है। 0 भारत का अब तक इन देशों ने किया समर्थन- मौजूदा समय में भारत को यूएनएससी का परमानेंट सदस्य बनाने का तीन बड़े देशों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ओर यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भारत का समर्थन किया है। इसके साथ ही जर्मनी और जापान भी भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता देने के पक्ष में है। बता दें कि पहले भी भारत ने यूनएससी की परमानेंट सदस्यता हासिल करने की कोशिश की थी लेकिन चीन और ईरान ने अडंगा लगा दिया था।

# फूहड़ बॉलीवुड गीतों को शामिल न कर केवल भक्तिगीतों से समां बाँधे

## नवरात्रि पर हिन्दू युवा मंच ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगांव ने आगामी नवरात्र के अवसर पर संस्कारधानी नगरी में होने वाले गरबा पंडालों के सभी आयोजनकर्ताओं से गरबा के किसी भी आयोजन में देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप वाली थीम का प्रदर्शन न करने, छोटे और अंग प्रदर्शन करने वालों को पंडाल के भीतर प्रवेश न देने और फूहड़ बॉलीवुड गीतों को न बजाने की अपील की है। यदि इसके बाद भी ऐसे मामले पाये जाते हैं तो आयोजनकर्ताओं पर इसकी जवाबदेही तय करने की हिदायत दी है।

नवरात्र का पर्व नजदीक है, ऐसे में संस्कारधानी नगरी में गरबा उत्सव की चारों ओर धूम रहेगी। गरबा पंडाल की समितियों ने युद्ध स्तर पर इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। शहर के कई स्थानों में गरबा क्लासेस के माध्यम से उत्साही युवा गरबा का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर रहें हैं। गरबा के लिए विशेष परिधान भी बाजार में बिकने शुरू हो गये हैं। लेकिन इन सब में जो विशेष बात रहेगी, वो गरबा उत्सव से जड़े तमाम गतिविधियों पर हिन्दू युवा मंच की इस बार पैनी नजर रहेगी। मंच ने सख्त लहजों में हिदायत दी है कि, ऐसे पावन और धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजन में फूहड़ता और अश्लीलता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी, शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार और शहर संयोजक राजा ताम्रकार ने संयुक्त रूप से एक विज्ञप्ति जारी कर, संस्कारधानी के अनुरूप गरबा उत्सव को पारम्परिक और मर्यादित तरीके से मनाने की गरबा पंडालो की समितियों और आम नागरिकों से अपील की है। हिन्दू युवा मंच ने नवरात्र के पावन अवसर की मर्यादा और परंपरा को बनाये रखने की भी अपील करते हुए कहा है कि, गरबा के आयोजन में फूहड़ बॉलीवुड गीतों को शामिल न कर केवल भक्तिगीतों से समां बांधा जाये। इसके अलावा तीर्थ स्थलों और देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप और उनका स्वांग रचने थीम रखने की हमें लगातार शिकायत मिल रही है, आयोजन समितियों को समय रहते इसे बदल लेने और असुविधा से बचने इसकी सूचना प्रतिभागियों को देने की भी हिदायत दी है।

हमारी इस अपील के बाद भी अगर देवी देवताओं का अनादर करने वाले और धार्मिकता का उपहास उडाने वाले कोई भी आयोजन होने की सूचना हमें प्राप्त होती है तो आयोजन को तत्काल प्रभाव से उसी समय बंद करा दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजन समितियों की होंगी। वहीं छोटे और अंग प्रदर्शन करने वाले वस्त्रों को न पहनकर, पारम्परिक और मर्यादित वस्त्रो को पहनने की सभी बहनों से अपील की है।

# दिग्विजय में उद्यमिता जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. के. उके के निर्देशन में उद्यमिता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में निहारिका फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अनीता वर्मा एवं सचिव डोमेन्द्र वर्मा हमारे बीच उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम श्रीमती वर्मा के द्वारा उद्यमिता पर प्रकाश डालते हुए उपरोक्त कार्यशाला के महत्व एवं उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। तत्पश्चात निहारिका फाउंडेशन के सचिव डोमेन्द्र वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन लिंक उपलब्ध कराकर कार्यशाला में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वर्मा जी के द्वारा छात्र-छात्राओं को कहानियों के माध्यम से उद्यमी किस प्रकार बना जा सकता हैं,इस विषय से अवगत कराया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में उनके द्वारा नवीन व्यापार प्रारंभ करने की जानकारी, लोन की प्रक्रिया एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। कार्यशाला के अंत मे छात्र-छात्राओं द्वारा फीडबैक फॉर्म भरवा कर उद्यमिता से सम्बन्धित अन्य कोर्सस की भी संपूर्ण जानकारी दी गई। इस दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस में मंच संचालन प्रोफेसर एच. सी.जैन द्वारा एवं द्वितीय दिवस में मंच संचालन श्रीमती स्वयं सिद्धा झा द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन क्रमशः पूजा कुमारी एवं तरुणा वर्मा द्वारा दिया गया। उपरोक्त दो दिवसीय कार्यशाला में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भगत राम को मिला सपनों के आशियाना

मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना ने मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत घोटिया निवासी भगत राम के घर में खुशहाली का आयाम लेकर आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से उसके जीवन में एक नया उमंग का संचार हुआ है। पहले वह कच्चे मकान में रहता था, अब वह एक पक्के सर्वसुविधायुक्त मकान में रहकर अपने जीवन के अरमानों को पूरा कर रहा है।

# ब्रह्मा कुमार आत्म प्रकाश भाई जी के सानिध्य में राजयोग साधना शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से ब्रह्मा कुमार आत्म प्रकाश भाई जी का राजनांदगांव आगमन हो रहा है और उनके सानिध्य में ब्रह्मा कुमारीज के निर्माणाधीन ''ज्ञान मानसरोवर'' में 28 एवं 29 सितम्बर को दो दिवसीय राजयोग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

ज्ञात हो की आत्म प्रकाश भाई जी पिछले लगभग 50 वर्षों से अपना सर्वस्व जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर ब्रह्माकुमारीज संस्था के माध्यम से कार्य कर रहे हैं वे मुख्यालय में पाण्डवभवन-ज्ञानसरोवर एवं शान्तिवन तीनोंस्थानों के टोली (प्रसाद) विभाग के प्रमुख हैं उन्होंने विश्व के पांचो महाद्वीपों में 95 से भी अधिक देशों में भ्रमण कर राजयोग मेडिटेशन का प्रचार प्रसार कर अनेक आत्माओं को लाभान्वित किया है। गोकुल नगर के आगे, डोंगरगांव रोड पर बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ''ज्ञान मानसरोवर'' राजनांदगांव में दो दिवसीय राजयोग साधना शिविर में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के लगभग दो हजार से भी अधिक साधक भाई-बहनें राजयोग की साधना करेंगे और संपूर्ण मानव जाति की खुशहाली के लिए परम परमपिता परमात्मा शिव से प्रार्थना करेंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी।

# भाजपा की गारंटी जन-जन तक पहुंच रही-खिलावन साहू






## जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यसमिति एवं सदस्यता अभियान बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला एवं मंडल कार्य समिति बैठक व सदस्यता अभियान का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में गुरूवार को किया गया। उक्त आयोजन की तैयारी जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर एवं संगठन गीत के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा का अधिक से अधिक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में बाढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। प्रदेश मंत्री एवं सदस्यता अभियान प्रभारी तुलसी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा को जो लक्ष्य मिला है 3 लाख सदस्या बनने का वहा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं के दम पर होगा पूरा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खिलवान साहू ने कहा कि भाजपा की साय सरकार भाजपा की हर गारंटी को पुरा कर रही है। छत्तीसगढ़ में साय सरकार में सभी काम साय साय हो रहा है। आगामी नगरी निकाय चुनाव में और पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग अधिक जीतकर आयेगी।

कार्यक्रम का आभार भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश बिसने ने कहा की पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा जनगणना किया जा रहा है सभी को इस जनगणना में अनिवार्य रूप से अपनी सभी जानकारी फार्म में भारे। इस अवसर बैठक में प्रमुख रूप जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला प्रभारी जगदीश देशमुख, मुलचंद लोधी, डॉ. नीरेन्द्र साहू, रमेश सोनवानी, तरूण लहरवानी, देवशरण सेन, आकाश चोपड़ा, जनपद सदस्य निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, सरस्वती यादव, एवं जिला भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थिति थे। बैठक संचालन जिला महामंत्री दिलीप साहू व संतोष निर्मलकर ने की।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया रवि सिन्हा का सम्मान



**राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल के प्रभारी रवि सिन्हा को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोनीत होने पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने आज भाजपा कार्यालय में रवि सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए उनका सम्मान किया।**

उम्मीद जताई कि शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में पिछड़े एवं वंचित छात्रों के साथ उचित न्याय करने में उनकी महत्ती भूमिका की अपेक्षा की।

मिडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूनम साहू, तामेश्वर साहू, पवन निर्मलकर, राजेश बिशने, माधव साहू, नंदिनी सेगर, संतोष निर्मलकर, सतीश धिवर, विजय सिन्हा, भीष्म देवांगन, संदीप सोनी, ललित नायडू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट की चार्वी चंद्राकर ने बैडमिंटन में गोल्ड मेडल हासिल किया




राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट सीआईएससीई बोर्ड की होनहार छात्रा चार्वी चंद्राकर ने 24 वे राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 -25 अंबिकापुर सरगुजा में बैडमिंटन अंडर 17 बालिका की प्रतियोगिता हुई जिसमें चयनित हुई।

इस प्रतियोगिता में भाग लेकर बैडमिंटन अंडर 17 में गोल्ड मेडल हासिल किया, इस प्रतियोगिता में चार्वी चंद्राकर ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपनी शाला व परिवार को गौरवान्वित किया। इस गर्वपूर्ण कार्य के लिए शाला के समस्त विभाग के पदाधिकारी ने चार्वी चंद्राकर को बधाई स्नेह व आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मे जय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह , एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव ,सीबीएसई प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला , उपप्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, एक्टिविटी कल्चरल इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा , एच एम सरिता सिंह एवं सभी शिक्षकों ने बच्ची को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद व बधाई दी।

# यूथ हॉस्टल्स द्वारा प्लेटिनम जुबली बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का सफल आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई द्वारा एक दिवसीय प्लेटिनम जुबली बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दुर्ग भिलाई, रायपुर, राजनांदगाँव, खैरागढ़, छुईखदान एवं जगदलपुर के सदस्यों ने हिस्सा लिया। खैरागढ़ छुईखदान गण्डई जिले में आयोजित इस बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग में सदस्यों ने डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम जंगलपुर, ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा साल्हेवारा एवं बेतालरानी घाटी छुईखदान के प्राकृतिक सौन्दर्य का आनन्द लिया।

आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए यूथ हॉस्टल्स छत्तीसगढ़ के सचिव के.सुब्रमण्यम ने बताया कि सभी आयु वर्ग के 75 से अधिक स्त्री-पुरुष सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। यह ट्रैकिंग जीरो प्वाइंट राजनांदगाँव से कुल आना जाना 250 किमी पड़ा। इस ट्रैकिंग में 85 वर्षीय वरिष्ठतम सदस्य पी. के. द्विवेदी के अनवरत उत्साह से बाकी सभी प्रतिभागी ऊर्जावान होते रहे। नर्मदा चौक से साल्हेवारा ठाढ़पानी और वापसी बेतालरानी घाटी तक जंगलों के बीच का सफर काफी रोमांचक रहा। यह ट्रैकिंग यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई द्वारा आयोजित था। विदित हो कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा विगत दिनों राजनांदगाँव में भी संस्था की इकाई का गठन किया गया है।



यूथ हॉस्टल्स के सदस्यों ने डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम, ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा और बेतालरानी घाटी के मोहक सौन्दर्य का आनन्द उठाया

राजनांदगाँव इकाई के संयोजक मिनेश मिश्रा ने बताया कि यह वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर संस्था के गठन का प्लेटिनम जुबली है। इसी के परिप्रेक्ष्य में हमने 75 बाइकर्स का ध्येय रखकर बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया। सदस्य डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम का प्राकृतिक सौन्दर्य देखकर मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यों के लिए वहाँ का मनमोहक वातावरण और छवि अत्यन्त रमणीय रहा। प्रतिभागियों ने वहाँ झरने का भी जी भरकर आनन्द लिया।

भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि पूरे ट्रैकिंग का खास आकर्षण ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा साल्हेवारा रहा। यह लघु तीरथगढ़ जलप्रपात के नाम से भी जाना जाता है। सरईपतेरा से जलप्रपात तक का चार किमी जंगल का मार्ग खतरनाक जोखिम भरा और दुर्गम है; जिसे सभी सदस्यों ने पारस्परिक सहयोग से पूर्ण किया। तीन जगहों पर बरसाती नाले से बाईक पार कराने के लिए सदस्यों को काफी मशक्कत करना पड़ा। लगभग सौ मीटर की ऊँचाई से गिरते जलप्रपात में सदस्य नहाने से अपने आप को रोक नहीं पाये। लगभग सभी सदस्यों ने ठाढ़पानी के विहंगम दृश्य और यौवन सम्पन्न झरने का अकथनीय आनन्द उठाया।

भिलाई इकाई के सचिव सुबोध देवांगन के अनुसार आयोजन का अन्तिम पड़ाव बेतालरानी घाटी का सौन्दर्यावलोकन था। सत्रह हेयर पिन मोड़ वाली यह नयनाभिराम घाटी देखकर ट्रैकर्स गदगद हो गये। यह घाटी दिन में भी और रात में भी; दोनों ही समय अपनी मनमोहक छ्टा से आकर्षित करती है। इस आयोजन में राजनांदगाँव से अनेक नये सदस्य पहली बार शामिल हुए थे जो अत्यन्त प्रसन्न हुए। वे यूथ हॉस्टल्स के आयोजन से मंत्रमुग्ध हो गये। आयोजन की योजना और रूपरेखा को सफल बनाने में मुख्य सूत्रधार के. सुब्रमण्यम, ऋषिकांत तिवारी, मिनेश मिश्रा, सुबोध देवांगन और राजेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। उनकी चाक चौकस प्रबंधन से प्रतिभागियों को घर से बाहर समय पर सुबह शाम गरमागरम चाय नाश्ता और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रही। ठाढ़पानी में स्थानीय मार्गदर्शक शिव वर्मा और रामगोपाल जंघेल की विशेष भूमिका रही।

इस आयोजन में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, सनत विश्वास, महेश दीवान, महेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र निषाद, अखिलेश यादव, आलोक दुबे, गुलशन साहू, मनु साहू, प्रेमकिशन श्रीवास, निखिल वैष्णव, भोज साहू, अनुराग शुक्ला, हरीश द्विवेदी, किशोर माहेश्वरी, एकलव्य श्रीवास, प्रणय मेश्राम, पल्लवी मेश्राम सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। राजनांदगाँव संयोजक मिनेश मिश्रा ने रोमांच और प्राकृतिक सौन्दर्य प्रेमियों को संस्था से जुड़ने आह्वान किया है।

# अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित करने की जरुरत - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। आग से सुरक्षा एवं बचाव के लिए आज जिला पंचायत सभाकक्ष में फायर एण्ड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया रायपुर तथा द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में फायर सेफ्टी इन इंस्टीट्यूशनल कमर्शियल बिल्डिंग एंड इंडस्ट्रीज विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के संबंध में जानकारी एवं सावधानी रखने के लिए आयोजित यह कार्यशाला समसामयिक है। आग कैसे लगती है और इससे सुरक्षित रहने के उपाय के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। उन्होंने कहा कि घर बनाते समय अग्नि से सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। आग लगने पर तत्काल इसका समाधान करने पर आग बढ़ेगी नहीं और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हो जाएगा। बहुत से ऐसे कारण होते हैं, जिसके कारण आग लगती है, फिर उसे नियंत्रित करना कठिन होता है। रासायनिक कारणों से भी आग लगती है। कई स्थानों पर अग्निशामक यंत्र नहीं रखते हैं या रखते भी हैं तो उसकी एक्सपायरी डेट निकल जाती है या इसका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित लोग नहीं होते हैं। वातावरण में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए सिस्टम में ज्यादा लोड पडने् पर भी शार्ट सर्किट की स्थिति बनती है। जिससे आग लगने की संभावना होती है। गुणवत्ताहीन वायर का उपयोग करने से भी आग लगने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि आज यहां सौभाग्य से अग्नि दुर्घटना एवं आग से सुरक्षा के लिए जानकारी देने हेतु विशेषज्ञ है, जिनसे हमें अच्छे से जानकारी लेना चाहिए। आग लगने पर फायर ब्रिगेड की पाईप लाईन छोटी गली में नहीं पहुंच पाती। जब भी घर बनाये तो इस सोच के साथ बनाएं, जहां फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस पहुंच सकें। उन्होंने बिलासपुर का उदाहरण देते हुए बताया कि पेंट की दुकान में आग लगने पर भीषण स्वरूप ले लिया। प्रारंभिक स्तर पर ही आग को बुझाने का प्रयास करना चाहिए। समय रहते अग्नि पर नियंत्रित नहीं करने पर बुझाने में मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि ऐसे दुकान जहां पर ऐसी वस्तुएं जो ज्वलशील पदार्थ रखते हैं, वहां पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। दैनिक जीवन में आग से सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपने घरों में जनसामान्य अग्निशामक यंत्र रख सकते हैं।



अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा एवं बचाव के लिए सावधानी, सजगता एवं जानकारी ही उपाय भवनों, सिनेमाहाल, होटल एवं अन्य स्थानों में जनसामान्य को सबसे पहले फायर एग्जिट की होनी चाहिए सूचना आपातकालीन स्थिति में अलार्म सिस्टम होना चाहिए

पुनीत चौबे ने कहा कि द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर द्वारा इंजीनियरिंग समुदाय की सेवा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह आयोजन किया गया है, ताकि अग्नि सुरक्षा के संबंध में इंजीनियर समुदाय के समसामयिक एवं प्रासंगिक ज्ञान से समाज को लाभ मिल सके। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का लगातार विकास हुआ है। इसी संदर्भ में अग्नि एवं जीवन की सुरक्षा के लिए सभी भवनों एवं उद्योगों में सुनियोजित तरीके से ऐसी संरचना का निर्माण करना चाहिए, जिससे अग्नि सुरक्षा के मापदण्डों का पालन हो सके तथा अग्नि की रोकथाम व जीवन सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा से संबंधित योजनाबद्ध क्रियान्वयन, प्रशिक्षण तथा जागरूकता के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ताकि सभी सजग एवं सतर्क रहकर सुरक्षित रहें।

मुख्य वक्ता एवं संयुक्त सचिव फायर एण्ड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया रायपुर अरविंद रस्तोगी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने पर आपातकालीन स्थिति में अलार्म सिस्टम होना चाहिए। ज्यादातर शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगती है। टर्मिनल ठीक नहीं होने के कारण तथा घरों में विद्युत के संबंध में उपेक्षा के कारण आग लगती है। आग की आपात की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनसामान्य को सबसे पहले फायर एग्जिट देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे वह सिनेमा हॉल हो या कोई होटल, भवन या अन्य स्थान फायर एग्जिट से संबंधित जानकारी और सूचना होना आवश्यक है। यदि ऐसी सूचना न हो तो ऐसे स्थानों में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने दिल्ली के करोल बाग की दुर्घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फायर एग्जिट होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अग्नि से सुरक्षा के लिए तीन तत्वों के संबंध में जानकारी होना चाहिए। जिनमें से फ्यूल या ज्वलनशील सामग्री, तापमान, ऑक्सीजन जिसे फायर ट्रायंगल भी कहा जाता है। इन तीनों ही तत्वों के एक साथ होने पर आग लग सकती है। इनमें से एक तत्व को हटाएं तो आग बुझ सकती है। उन्होंने बताया कि आग लगती है तो कार्बन डाई आक्साईड ऑक्सीजन को विस्थापित कर देता है। फिर धीरे-धीरे आग बुझ जाती है। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा के लिए चेन रियेक्शन को खत्म करना जरूरी होता है। आग से सुरक्षा के लिए व्यवस्था हेतु इसी अवधारणा पर कार्य किया जाता है। प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, सचिव द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर बंसत साहू सहित भारतीय सेना के अधिकारी, शासकीय व निजी चिकित्सालय, शासकीय व निजी कार्यालय, उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला सेनानी होमगार्ड एके सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सूर्य एवं अग्नि पूजनीय है और इनके साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। अग्नि एक व्यापक विषय है और आज अग्नि से सुरक्षा के लिए विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आज ग्राम बरगा में, मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री होंगे शामिल

## 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन, समाज सेवी रमेश पटेल, सरपंच बरगा कुमार सोनवानी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। जिसमें 12 करोड़ 78 लाख 93 हजार रूपए के 21 कार्य का लोकार्पण एवं 19 करोड़ 28 लाख 67 हजार रूपए के 14 कार्य का भूमिपूजन शामिल है। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 2 करोड़ 59 लाख 77 हजार रूपए के 1 कार्य का लोकार्पण एवं 10 करोड़ 25 लाख 78 हजार रूपए के 7 कार्य का भूमिपूजन, स्वास्थ्य विभाग (सीजीएमएससी) अंतर्गत 4 करोड़ 25 लाख 48 हजार रूपए के 13 कार्य का लोकार्पण एवं 6 करोड़ 97 लाख 28 हजार रूपए के 4 कार्यों का भूमिपूजन, जल संसाधन संभाग अंतर्गत 4 करोड़ 94 लाख 22 हजार रूपए के 2 कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 65 लाख 62 हजार रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अंतर्गत 99 लाख 46 हजार रूपए के 5 कार्य का लोकार्पण, पुलिस अधीक्षक अंतर्गत 20 लाख रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन, कृषि विभाग अंतर्गत 19 लाख 99 हजार रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।



लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 2 करोड़ 59 लाख 77 हजार रूपए के आलीवारा से टेका हरदी मार्ग लम्बाई 3 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित का लोकार्पण किया जाएगा तथा 1 करोड़ 4 लाख 51 हजार रूपए के वृत्त कार्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, 75 लाख 23 हजार रूपए के ग्राम माड़ीतराई में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 70 लाख 30 हजार रूपए के ग्राम पंचायत ईरा में गौठान में मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग लम्बई 1.20 किलोमीटर, 1 करोड़ 17 लाख 49 हजार रूपए के जीई रोड से पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र हेलीपेड पहुंच मार्ग लम्बाई 2.11 किलोमीटर का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य पुल-पुलिया सहित, 1 करोड़ 95 लाख 59 हजार रूपए के जीई रोड से आठवीं बटालियन आवासीय भवनों का पहुंच मार्ग लम्बाई 1.605 किलोमीटर का मजबूतीकरण एवं नया डामरीकरण कार्य पुल-पुलिया सहित, 1 करोड़ 29 लाख 68 हजार रूपए के सुरगी के कोटराभाठा मार्ग लम्बाई 1.05 किलोमीटर का निर्माण पुल-पुलिया सहित, 2 करोड़ 32 लाख 98 हजार रूपए के उसरीबोड नगर मार्ग लम्बाई 1.50 किलोमीटर का डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग (सीजीएमएससी) अंतर्गत 3 करोड़ रूपए के कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य, 2 करोड़ 94 लाख 55 हजार रूपए के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में फिजियोथेरेपी वार्ड व स्टोर रूप एवं लेक्चर हॉल निर्माण कार्य, 75 लाख रूपए के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकुलदैहान घुमका में भवन निर्माण, 27 लाख 73 हजार रूपए के उप स्वास्थ्य केन्द्र भोथीपारकला में भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा तथा 75 लाख रूपए के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोला भवन निर्माण कार्य, 61 लाख 96 हजार रूपए के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोलापुर भवन निर्माण कार्य, 32 लाख 28 हजार रूपए के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में 20 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य, 28 लाख 51 हजार रूपए के उप स्वास्थ्य केन्द्र महराजपुर भवन निर्माण कार्य, 27 लाख 73 हजार रूपए के उप स्वास्थ्य केन्द्र सोनेसरार भवन निर्माण कार्य, 25-25 लाख रूपए के यूएचडब्ल्यूसी नवागांव, नंदई, लेबर कालोनी तुलसीपुर, कौरिनभांठा, गौरीनगर, मोहड़, ढ़ाबा, अटल आवास पेण्ड्री में निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। जल संसाधन संभाग अंतर्गत 2 करोड़ 85 लाख 62 हजार रूपए के झिटिया एनीकट एवं 2 करोड़ 8 लाख 60 हजार रूपए के गातापारखुर्द एनीकट का लोकार्पण तथा 1 करोड़ 65 हजार 62 हजार रूपए के कलकसा जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव अंतर्गत 20 लाख रूपए के पशु चिकित्सा केन्द्र निर्माण कार्य (वेटनरी हॉस्पिटल) राजनांदगांव, 20 लाख रूपए के महिला प्रशिक्षण भवन घुमका निर्माण कार्य, 19 लाख 73 हजार रूपए के रानीतराई शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, 19 लाख 73 हजार रूपए के पेण्ड्री शासकीय हाईस्कूल में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, 20 लाख रूपए के मुस्लिम समाज डोंगरगढ़ के लिए शादी समारोह हेतु सामुदायिक भवन निर्माण का लोकार्पण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अंतर्गत 20 लाख रूपए के मंगल भवन रक्षित आरक्षी केन्द्र राजनांदगांव का जीर्णोद्धार एवं उप संचालक कृषि विभाग अंतर्गत 19 लाख 99 हजार रूपए के कृषि, उद्यानिकी, कृषि-वाणिकी, फसलों के मूल्य प्रवर्धित उत्पादन के विक्रय हेतु भवन निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा।

# क्षेत्र के सैकड़ों लोग हुए ऑनलाईन ठगी का शिकार

## साईट ब्लॉक होने के बाद खुली आंख-गंवाएं लाखों रूपये



डोंगरगांव (दावा)। शासन-प्रशासन, पुलिस और बैंकों द्वारा लगातार ऑनलाईन ठगी को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी आम शहरी और ग्रामीण नवयुवक इस चंगुल में फंस रहे हैं. जल्द से जल्द अधिक पैसे कमाने के चक्कर में मोबाईल एप के माध्यम से अपना पैसा लगा रहे हैं और बड़ा राशि लगाने के बाद इसे खो दे रहे हैं. ऐसा ही बड़ा मामला डोंगरगांव क्षेत्र में सामने आया है जिसमें हितग्राहियों को वादे के मुताबिक पैसा वापस आना अचानक बंद हो गया. एक दूसरे से जानकारी लेकर इस मोबाईल एप में अपना पैसा ऑनलाईन के माध्यम से विदेशों में भेजते रहे और कुछ दिनों में यह राशि बढ़ते बढ़ते प्रति व्यक्ति लाखों में चला गया और 20 सितम्बर के बाद से इस एप के बंद होने से सभी के होश उड़ गए हैं और इस व्यापार से जुड़े एक व्यक्ति को पकडक़र डोंगरगांव थाने पहुंचे हैं.

डोंगरगांव, मटिया, अर्जुनी, रातापायली, सुखरी आदि ग्रामों के ठगी के शिकार हुए लोगों ने बताया कि डोंगरगांव निवासी प्रवीण कुमार बाम्बेश्वर व्दारा जानकारी दी गई माईनिंग एरिया में काम करने वाली युके की एक कंपनी एंटोफगास्टा कंपनी 2021 से भारत में मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत रोजगार उपलब्ध कराने भारतीय स्टेट बैंक के साथ मिलकर कार्य कर रही है और एन्टो क्वाईन के जरिए नये सदस्य बनाते हैं, जिसमें लगातार लाभ मिलता है. जिसमें वह स्वयं जुड़ा है और मोबाईल एप के जरिए इस कंपनी में कुछ पैसा लगाया है, जिससे उसे काफी फायदा मिल रहा है.

इस व्यक्ति ने इस बात को कुछ दोस्तों को बताया, जिससे उन्हें भी लाभ मिला और इसके बाद चैन सिस्टम में लगातार लोग जुड़ते चले गए. मिली जानकारी के अनुसार इस एप के जरिए प्रारंभिक रूप से कुछ सौ रूपये जमा किया जाता है और पैसा वापस मिलने पर बढ़ते लालच के चलते इसमें राशि बढ़ती चली जाती है जो कि हजारों और लाखों रूपये प्रति व्यक्ति पहुंच गई है. बता दें कि इस मामले से जुड़े लगभग 50 से अधिक शहरी और ग्रामीण युवक थाने पहुंचे हैं. सबसे आश्चर्य का विषय है कि इस मामले में कुछ महिलाएं भी ठगी का शिकार हुई हैं. बहरहाल मामला डोंगरगांव थाने में पहुंचा है और मामले की जांच पड़ताल के बाद हजारों व्यक्तियों के करोड़ों की ठगी सामने आने की संभावना दिख रही है.

### गहन जांच की आवश्यकता

मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही इसके गहन जांच की आवश्यकता है. इस मामले के खुलासे के बाद पता चला है कि ऐसे और भी कई मोबाईल एप पूरे मार्केट में चल रहे हैं, जिसमें ऑनलाईन पैसा विदेशों में ट्रांसफर किया जा रहा है. कुछ ग्रामों में अफवाह है कि मोबाईल को लगातार हिलाने से उनके खाते में पैसों की बारिश हो रही है. शासन-प्रशासन को इसे गंभीरता से लेते हुए ऑनलाईन ठगी को लेकर सार्वजनिक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए.

> एंटोफगास्टा नामक कंपनी के फर्जीवाड़ा के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें प्रवीण कुमार बाम्बेश्वर को आरोपी बताया गया और इसके द्वारा इस कंपनी का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा गया है और पैसा लगाया गया है. जब लोगों को लाभ मिलना बंद हो गया, तब फर्जीवाड़ा समझ में आया है। पीड़ितों ने एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।
>
> **-उपेन्द्र शाह, नगर निरीक्षक डोंगरगांव**

# लाइफस्टाइल एक्सपो का 8 अक्टूबर तक : ग्राहकों की उमड़ रही भीड़



राजनांदगांव (दावा)। प्रदर्शनी के संचालक ने बताया कि यहां पहुंचने वाले सभी लोग सभी प्रकार के सामान देखकर आकर्षित हो रहे हैं जिससे प्रदर्शनी की रौनक बढ़ रही है।

इस प्रदर्शनी में एक ही जगह सभी प्रकार का सामान उपलब्ध हो पा रहा है। प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण भदोही का कालीन, बनारसी साड़ियां एवं सूट, खादी शर्ट कुर्ते, भागलपुरी वस्तुएं, कश्मीरी साड़ी सूट कुर्ती, पंजाबी फुलकारी, दिल्ली की वाइट मेटल ज्वेलरी, राजस्थानी मोजड़ी, पानीपत बेडशीट, कोलकाता साड़ी, कुर्ती टॉप स्कर्ट, कॉस्मेटिक आइटम, जूट बैग पर्स बेल्ट, टीशर्ट, लोअर, अचार, पापड़, चूरन, सुपारी, मुंबई फेश जेल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी कंगन एवं बहुत सारे घरेलू उत्पाद इस प्रदर्शनी में उपलब्ध हैं, यहां डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है, यह प्रदर्शनी स्टेट हाईस्कूल में लगाई गई है। लाइफ स्टाइल एक्सपो (भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी) स्टेट हाईस्कूल मैदान, राजनांदगांव में संचालित है, इस प्रदर्शनी में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अपने मनचाहा सामान खरीद रहे हैं।

**आवश्यकता है**

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।

दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 28 सितम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुबह 10 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे पीटीएस मैदान हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सुबह 10.30 बजे पीटीएस मैदान हेलीपेड राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.55 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुबह 11.20 बजे से दोपहर 12.45 बजे ग्राम बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.45 बजे ग्राम बरगा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह पहुंचेंगे और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण कर स्वच्छता दीदीयों से मुलाकात करेंगे। वे दोपहर 1.25 बजे ग्राम अमलीडीह से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.50 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे पीटीएस मैदान हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचकर हेलीकाप्टर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल जिले के प्रवास पर



- ग्राम बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में होंगे शामिल
- ग्राम अमलीडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का करेंगे निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल 28 सितम्बर को सुबह 10 बजे रायपुर एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर सुबह 11 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेगे। सुबह 11.10 बजे पीटीएस हेलीपेड से वाहन द्वारा सड़क मार्ग से प्रस्थान कर सुबह 11.20 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ग्राम बरगा में परकोलेशन टैंक साईट, स्वच्छता लक्षित इकाई (सीटीयू), जिला प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण करेंगे एवं फिकल स्लज मशीन का शुभारंभ करेंगे तथा कचरा संग्रहण के लिए ट्रायसाईकल प्रदान करेंगे। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल दोपहर 12.45 बजे ग्राम बरगा से डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह के लिए रवाना होंगे।

वे दोपहर 1.10 बजे ग्राम अमलीडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण करेंगे एवं स्वच्छता दीदीयों से चर्चा करेंगे। दोपहर 1.25 बजे ग्राम अमलीडीह से प्रस्थान कर दोपहर 1.50 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेगे। दोपहर 2.30 बजे से 2.45 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल दोपहर 3 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

# मंदिर में लायची दाना (मखाना) का वितरण नहीं किया जाता



## उच्च क्वालिटी का मिश्री दाना प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है - अध्यक्ष मनोज अग्रवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर से 5 किलोमीटर दूर स्थित लायची दाना (मखाना) फैक्टरी पर छापे और कार्यवाही के बाद कुछ लोगों द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर में हो रहे प्रसाद वितरण के विषय में झूठी अफवाहें फैलाई जा रही है।

इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा किसी भी लाईचीदाना (मखाना) फैक्टरी से खरीदी नहीं की जाती। वर्ष भर दर्शनार्थियों द्वारा चढ़ाये गये नारियल को ही प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। जब नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में नारियल फोड़ना प्रतिबंधित होता है तो प्रसाद में मिश्री दाने का वितरण किया जाता है। इस संबंध में यह जानकारी देना भी आवश्यक है कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा उच्च क्वालिटी का मिश्री दाना खरीदी कर स्वयं के पैकिंग मशीन से मंदिर परिसर में ही पैकिंग कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने विज्ञप्ति में दर्शनार्थीयों से अपील करते हुए कहा है कि इस संबंध में फैलाये जा रहे अफवाहों पर ध्यान न देवें। साथ ही मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने ट्रस्ट की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से जो दुष्प्रचार किया जा रहा है उन पर कार्यवाही करने की मांग शासन प्रशासन से किया है।




# मोहारा वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर पार्षद रही भूख हड़ताल पर

## निगम से आश्वासन मिलने उपरांत हड़ताल टूटा



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे वार्ड नं. 47 मोहारा में विगत एक साल से जल संकट बना हुआ है। इससे वहां के वार्डवासी परेशान है। शुक्रवार को उनका सब्र का बांध टूट जाने पर वार्ड के पार्षद श्रीमती सरिता अवधेश प्रजापति व कांग्रेस पार्षदों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी इस दौरान पानी संकट से जूझ रही बड़ी संख्या में महिलाओं ने खाली गुंडी बाल्टी रखकर धरना प्रदर्शन किया।

बता दे कि मोहारा वार्ड से होकर शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ बहतो है। समीप ही नदी होने के बावजूद वार्डवासियों को पानी के लिए तरसना पड़ता है। उन्हें पर्याप्त रुप से पेयजल नसीब नहीं हो रहा। इससे इनके समक्ष जल बीच मीन पियासी की स्थिति हो गई है। बताया जाता है कि वार्ड में पानी की समस्या को लेकर नगर निगम कि ध्यान कई बार? आत्कृष्ट किया गया। इसके बाद भी समस्या कि निराकरण नहीं हो रहा था।

मजबूरी में शुक्रवार को पार्षद सहित अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी। जिन्हें समर्थन देने महापौर श्रीमती हेमा देशमुख भी पहुंची हुई थी। इस दौरान महापौर श्रीमती देशमुख सहित पार्षद सरिता अवधेश प्रजापति व कांग्रेस के पार्षद विनय झा,शरद पटेल, मधुकर बंजारे, अरविंद टूरहाटे ऋषि शास्त्री के साथ आयोजित भूख हड़ताल के समय आयुक्त अभिषेक गुप्ता के प्रतिनिधि बन कर हड़ताल तुड़ाने पहंचे निगम मुख्य अभियंता यू के रामटेके ने आयुक्त का लिखित आश्वासन पत्र दिया गया। इसके उपरांत पार्षदों ने हड़ताल स्थगित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि आवश्यक कार्य वश बाहर आयुक्त के द्वारा लिखित में वार्ड में जल्दी ही पानी संकट निराकरण का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल मोहारा वार्ड में पानी संकट को लेकर किया जा रहा हड़ताल खत्म हो गया है।

**आवश्यकता है**

टैली साफ्टवेयर में बिल बनाने के लिए अकाउंटेंट व काउंटर मैनेजमेंट के लिए युवक व युवतियों की आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
स्वस्तिक स्पोर्ट्स एंड म्यूजिकल्स
भगत सिंह चौक, जी.ई. रोड,
(राज.) मो. नं.- 7440777791

**नि:शुल्क भर्ती**

अतिशीघ्र आवश्यकता है
सुरक्षा गार्ड 20 पद।
होटल, कालोनी, फैक्ट्री, गोडाउन, स्कूल के लिए।
आधार कार्ड, अंकसूची, फोटो लेकर संपर्क करें।
9691400690
7000060977

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com